तापमान
अधिकतम 41.6 डिग्री
न्यूनतम 29.0 डिग्री

हरिभूमि
# बिलासपुर भूमि

बिलासपुर, रविवार 7 जून 2026


कंपनी गार्डन में झूले का आनंद लेते बच्चे।



(बिलासपुर) प्रवेश प्रारंभ (बिलासपुर)
प्रतिमाह मात्र 999/- में आई.टी.आई.
न्यू महाराणा I.T.I.
ट्रेड-इलेक्ट्रिशियन, कोपा, फिटर, डीजल मैकेनिक
योग्यता-10वीं पास (साइंस, गणित अनिवार्य)
स्थान सीमित
नोट: अतिशीघ्र संस्था आकर नाम पंजीयन करायें।
प्राचार्य: लोधीपारा पुराना सरकंडा (कोनी रोड) बिलासपुर
मो. 9203905369, 9203914564, 9203914561

## खबर संक्षेप

### आज यहां रहेगी बिजली बंद

**बिलासपुर।** बिजली विभाग द्वारा रविवार को 132 केवी तिफरा सबस्टेशन में मेंटनेंस कार्य किया जाएगा। इस दौरान सुबह 9 से 10.30 बजे व दोपहर 3 से 4.30 बजे तक बिजली सप्लाई बंद रहेगी। नेहरू नगर व मंगला फीडर की सप्लाई ठप होने के कारण क्षेत्र के 33 /11 केवी नेहरू नगर, उच्चदाब कनेक्शन, शांति नगर के आसपास बिजली सप्लाई बंद रहेगी। कार्य की अधिकता में बंद की समयावधि बढ़ाई जा सकती है।

### पाटलीपुत्रा संस्कृति विकास मंच की बैठक आज

**बिलासपुर।** पाटलीपुत्रा संस्कृति विकास मंच के सामाजिक चुनाव संबंधी चर्चा हेतु एक बैठक रविवार 7 जून को शाम 4 बजे सामुदायिक भवन छठ घाट बिलासपुर में रखी गई है। यह जानकारी मंच के अध्यक्ष डॉ धर्मेन्द्र दास ने दी। उन्होंने मंच के सभी सदस्यों से बैठक में उपस्थित होने का आग्रह किया है।

### नौ सूत्रीय मुद्दों को लेकर कांग्रेस करेगी आंदोलन

**बिलासपुर।** कांग्रेस द्वारा खाद, बिजली जैसे 9 सूत्रीय मुद्दों को लेकर 9 जून को आंदोलन किया जाएगा। छत्तीसगढ़ में खरीफ सीजन की शुरुआत के किसानों को आ रही व्यावहारिक दिक्कतों और सरकारी नियंत्रण के विरोध में शनिवार जिला कांग्रेस कमेटी बिलासपुर शहरी व ग्रामीण के संयुक्त तत्वावधान में बैठक हुई। इस बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि छत्तीसगढ़ के किसानों की 9 सूत्रीय मांगों को लेकर आगामी 9 जून को सुबह 11 बजे जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय से कलेक्टोरेट तक एक विशाल पदयात्रा निकाली जाएगी। इस आंदोलन में किसान और कांग्रेस नेता अनोखे अंदाज में बैलगाड़ियों के माध्यम से कलेक्टोरेट पहुंचेंगे और मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपेंगे।

### उमस भरी गर्मी से लोग हलाकान

**बिलासपुर।** गर्मी की मार ने हर आम और खास को बेहाल कर दिया है, आसमान पर बादल छाने के बाद उमस ने लोगों को हलाकान कर दिया है। मौसम विभाग ने कई शहरों के लिए येलो अलर्ट जारी किया है, लेकिन बारिश का नामोनिशान नहीं है, जिसके चलते पारा 42 डिग्री के आसपास बना हुआ है। मौसम विभाग ने राज्य के कई हिस्सों में गरज-चमक के साथ हल्की से मध्यम बारिश और तेज अंधड़ चलने की चेतावनी दी है। पिछले 24 घंटों में प्रदेश के कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा दर्ज की गई। प्रदेश में सर्वाधिक अधिकतम तापमान बिलासपुर में 41.6 डिग्री रहा है।

### बिजली ने फिर रुलाया घंटों बंद से लोग हलाकान

**बिलासपुर।** गर्मी अपने सितम ढा रही है, लेकिन इस बीच बिजली बंद होने से लोगों का हाल बेहाल हो रहा है। गोंड़पारा, चांटापारा, गोलबाजार जैसे हिस्से में शनिवार की सुबह 11 से 3 बजे तक बिजली आती व जाती रही, घंटे-घंटे भर के लिए बिजली बंद होने से आम लोगों को खासी परेशानी झेलनी पड़ी। चांटापारा ओर गोंड़पारा क्षेत्र में ब्रेक डाउन होने के कारण करीब 3 घंटे बिजली बंद रही, यही हाल गोलबाजार क्षेत्र का था, जहां इंसुलेटर बर्स्ट होने के कारण बिजली बंद रही।

# स्कूली रिकार्ड में सफेदा लगाकर बन गए बैगा, निवास इमलीपारा लिख दिया

- राजस्व अभिलेख, स्कूल रिकॉर्ड, दाखिल-खारिज और निर्वाचन कागजातों में ढीमर ओबीसी जाति
- पत्नी एसटी और पति ओबीसी दर्ज होने जैसी विसंगतियां, फर्जी जाति प्रमाण पत्र से कर रहे नौकरी

खास खबर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

कोटा और मस्तूरी ब्लाक में फर्जी तरीके से विशेष पिछड़ी जनजाति बैगा का जाति प्रमाण पत्र बनवा कर 70 से अधिक लोगों ने नौकरी प्राप्त कर ली है। साथ ही 250 से अधिक फर्जी प्रमाण पत्र बनवा लिए गए हैं। खास बात है कि स्कूल रिकॉर्ड जिसे कि दाखिल खारिज कहा जाता है में सफेदा लगाकर ढीमर को बैगा अंकित किया जा रहा है और नए एडमिशन मे बैगा जाति अंकित कराया जा रहा है। इनके राजस्व अभिलेख, स्कूल रिकॉर्ड, दाखिल-खारिज और निर्वाचन कागजातों में ढीमर ओबीसी जाति है। कई मामलों में पिता की जाति ढीमर है, जबकि बेटे का प्रमाण पत्र बैगा के नाम पर जारी हुआ है। कुछ शिकायतों में पत्नी एसटी और पति ओबीसी दर्ज होने जैसी विसंगतियां भी हैं। खास बात कि जितना भी जाति प्रमाण पत्र बना है वह सब 2015 के पहले का है और निवास बिलासपुर के इमलीपारा का लिखा गया है जबकि सभी लोग ग्राम पोंड़ी, थाना सीपत, तहसील मस्तूरी के मूल निवासी है।

बिलासपुर जिले में फर्जी जाति प्रमाण पत्र का मामला एक बार फिर सुर्खियों में है। जिन व्यक्तियों के दस्तावेजों में बैगा एसटी दर्ज है, उनके पूर्वजों के रिकार्ड में हेर फेर किया जा रहा है। ध्यान रहे कि छत्तीसगढ़ में बैगा जनजाति मुख्य रुप से कुछ ही जिलों में ही पाई जाती है। 2011 की जनगणना के अनुसार इनकी आबादी 89 हजार 744 है। 1949 से पहले कुछ ढीमर समुदाय के लोग बैगा लिखते थे, लेकिन इसके बाद जो भी प्रमाण पत्र जारी हुए वे संदिग्ध श्रेणी में आते हैं और जांच के दायरे में हैं।

### अस्थायी में फर्जी सील साइन किया

उपलब्ध दस्तावेजों पर नजर डालें तो पता चलता है कि बिलासपुर में जितना भी जाति प्रमाण पत्र बना है उसमें से अधिकांश अस्थायी तौर पर बना था। इसमें भी फर्जी सील और साइन किया गया है। ऐसे लोगों द्वारा राज्य के विभिन्न जिलों व विकासखण्डों में सरकारी नौकरी की जा रही है। इन फर्जी बैगाओं द्वारा अधिकारियों के साथ मील-जुल कर अपने ग्राम के ग्राम पंचायत द्वारा पंचायत प्रस्ताव करा कर फर्जी जाति प्रमाण पत्र बनवाया गया है। इन सभी का मास्टर मांइड समाज के ही एक अध्यक्ष और सचिव को बताया जा रहा है। इसमें से कुछ लोगों द्वारा अन्य रिस्तेदारो को भी बैगा लिखने व नौकरी लगाने का प्रलोभन दिया जा रहा है।

### निवासी मस्तूरी के और प्रमाण पत्र बन रहा पेण्ड्रा से

खास बात है कि ग्राम पोंडी का मामला सीपत तहसील मस्तूरी विकासखंड जिला बिलासपुर के अंतर्गत आता है। जाति प्रमाण पत्र अनुविभागीय अधिकारी रा. मस्तूरी से जारी होना चाहिए लेकिन गड़बड़ी करते हुए समस्त फर्जी जाति प्रमाण पत्र वर्तमान मेंकार्यालय अनुविभागीय अधिकारी रा. पेंड्रारोड, और पहले कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी रा. बिलासपुर से जारी हुआ है। यही नहीं ग्राम पोंडी के अलावा आसपास सीपत तथा रतनपुर क्षेत्र में इनके रिश्तेदारों (ससुराल पक्ष, भांजा पक्ष, दामाद पक्ष, बहु-बेटी पक्ष) के द्वारा भी अपने नाम मे बैगा लिखकर फर्जी बैगा जाति प्रमाण पत्र बनवा लिया गया है।

### शिकायत मिलने पर होगी जांच

इस मामले में दस्तावेजों सहित शिकायत प्राप्त होती है तो जांच कराते हुए कार्रवाई जरूर की जाएगी। पहले के कुछ मामले में जांच चल रही है।

**- संजय अग्रवाल**
कलेक्टर

### एसआईटी या सीबीआई से जांच कराने की मांग

खास बात है कि गांव के लोग भी इन्हें नहीं जानते। राज्य अनुसूचित जनजाति आयोग की ओर से कहा गया है कि इसकी जांच एसआईटी या सीबीआई से कराई जाए तो सच सामने आ जाएगा। आयोग की ओर से कहा गया है कि ग्राम पोंडी निवासी एक व्यक्ति द्वारा जो कि ढीमर जाति है का वह जमीनी दस्तावेज में बैगा जाति अंकित करा रहा है ताकि भविष्य मे स्वयं को आदिवासी बताकर आदिवासी जमीनों की खरीद फ़रोख़्त करे सके। इसकी जांच मिशल अभिलेख 1929-30 के अनुसार पटवारी के माध्यम से पुराने पंचशाला दहशाला से मिलान किया जाने पर रिकार्ड दूसरा आ रहा है।

## रात 2 बजे आग लगने से मचा हड़कंप : बड़ी मुश्किल से आग पर पाया काबू

# शटर में करंट दौड़ने से शनिचरी बाजार की 15 दुकानों में लगी भीषण आग

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

शुक्रवार की रात दो बजे अचानक दुकानों के शटरों में करंट दौड़ने से शनिचरी बाजार की 15 दुकानों में भीषण आग लग गई, जिससे व्यापारियों में हड़कंप मच गया। पूरे इलाके की बिजली बंद कर दमकल के पानी से एक घण्टे बाद आग पर काबू पाया गया है। व्यापारियों ने बिजली विभाग पर लापरवाही का आरोप लगाया है।

शनचरी बाजार सब्जी मंडी के व्यापारियों ने बताया कि शुक्रवार की रात वे अपने दुकान बंद कर रहे थे। उस दौरान शटरों में करंट आ रहा था। सूचना पर बिजली विभाग के कर्मचारी आए और बाजार की बिजली बंद कर दी। उसके बाद व्यापारी दुकान बंद कर अपने अपने घर चले गए। कुछ समय बात फिर से बिजली सप्लाई शुरू कर दी गई, इस दौरान दुकानों के शटर में करंट फैलने से एक चाल में बनी सब्जी की 15 दुकानों में आग लग गई। आसपास के लोगों ने एक साथ इतनी दुकानों में आग लगी देखकर पुलिस को सूचना दी। वाहन चेकिंग में लगी कोतवाली पुलिस, एसडीआरएफ की टीम दो दमकल लेकर मौके पर पहुंच गई। इधर आग लगने की सूचना पर सब्जी व्यापारी भी बाजार पहुंच गए। बिजली विभाग के द्वारा बिजली सप्लाई बंद करने के बाद एसडीआरएफ कर्मी शटर खोलकर आग बुझाने की कोशिश में जुट गए। एक घण्टा मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। सभी दुकानों में लाखों रुपए की सब्जी एवं अन्य सामान रखा हुआ था। आग से सब्जी व सामान जल गया है। कोतवाली पुलिस ने व्यापारियों की शिकायत पर अज्ञात के खिलाफ आगजनी का मामला दर्ज कर लिया है।





### दमकल घुसने की जगह नहीं

शनिचरी सब्जी बाजार में छोटी छोटी सैकड़ों दुकानें और अंदर जाने के लिए संकरी गली है। बाजार के अंदर एक साथ 15 दुकानों में आग लगने से व्यापारियों में हड़कंप मच गया। दमकल मौके पर पहुंची तो अंदर जाने का कोई रास्ता नहीं था। मुख्य मार्ग में गाड़ी खड़ी पाइप जाल बिछाकर अंदर ले जाकर आग बुझाई गई है। 24 घंटे के अंदर आग लगने की यह दूसरी घटना थी। गुरूवार की देर रात बुधवारी बाजार के 4 दुकानों व गोदामों में भीषण आग लगी थी। आग दूसरे दिन भी आग धधकती रही।

# विधायक सहित कांग्रेस नेताओं पर जुर्म दर्ज

**बिलासपुर।** नीट परीक्षा में अनियमितता को लेकर केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू के बंगले के घेराब के दौरान कलेक्टोरेट मार्ग पर हंगामा मचाते हुए सुरक्षा में तैनात पुलिसकर्मियों से हुज्जतबाजी करने के मामले में पुलिस ने भिलाई विधायक देवेंद्र यादव, एनएसयूआई राष्ट्रीय अध्यक्ष विनोद जाखड़, प्रदेश अध्यक्ष नीरज पाण्डेय, लक्की मिश्रा, रंजित सिंह, सुधांशु मिश्रा, संदीप यादव, विक्की यादव एवं अन्य के खिलाफ बलवा, यातायात बाधित करने सहित अन्य के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया गया है।

- केंद्रीय राज्य मंत्री के बंगले के घेराव के दौरान मचाया था हंगामा, पुलिस ने किया था लाठीचार्ज

उल्लेखनीय है कि 3 मई को कांग्रेस व एनएसयूआई नेताओं ने नीट परीक्षा में अनियमितता को लेकर नेहरू चौक में धरना प्रदर्शन करने के बाद केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू के बंगले का घेराव कर जमकर हंगामा मचाया था। धरना प्रदर्शन के बाद विधायक देवेन्द्र यादव के नेतृत्व में बड़ी संख्या में कांग्रेस नेता व कार्यकर्ता कलेक्टोरेट की ओर जा रहे थे। सुरक्षा में तैनात पुलिसकर्मियों ने उन्हें रोककर समझाइश दी, इस दौरान कांग्रेस नेताओं ने पुलिस के जवानों के साथ हुज्जतबाजी करते हुए जमकर धक्कामुक्की की, जिससे कुछ जवानों को चोट आई और मौके पर तनाव फैल गया। कार्यपालक मजिस्ट्रेट के निर्देश पर पुलिस ने लाठी भांजते हुए भीड़ को तितर बितर किया। कांग्रेस नेताओं के इस आंदोलन से आधे शहर में ट्रैफिक जाम हो गया था और हजारों लोगों को घंटों परेशानियां झेलनी पड़ी थी। सिविल लाइन टीआई किशोर केंवट ने बताया कि 6 जून को इस मामले में भिलाई विधायक देवेन्द्र यादव, एनएसयूआई राष्ट्रीय अध्यक्ष विनोद जाखड़, प्रदेश अध्यक्ष नीरज पाण्डेय, लक्की मिश्रा, रंजित सिंह, सुधांशु मिश्रा, संदीप यादव, विक्की यादव एवं अन्य के खिलाफ अपराध क्रमांक 768/ 26 बीएनएस की धारा 190, 191, 292, 293, 136, 2 के तहत जुर्म दर्ज किया है।

### विधायक ने स्वयं फाड़ा कुर्ता

आंदोलन के दौरान भिलाई विधायक का फटा कुर्ता पहने बस की छत पर चढ़कर नारेबाजी करने का वीडियो वायरल किया गया था, इस दौरान पुलिस कार्रवाई के दौरान विधायक का कुर्ता फटने का आरोप भी लगाया गया था, लेकिन अगले दिन एक और वीडियो वायरल हुआ, जिसमें विधायक स्वयं अपना कुर्ता फाड़ते नजर आ रहे हैं।

### जुर्म दर्ज किया गया

धरना प्रदर्शन समाप्त होने के बाद कांग्रेस नेता कलेटोरेट की ओर जा रहे थे। पुलिसकर्मियों ने उन्हें रोककर समझाइश दी, इस दौरान पुलिस के जवानों के साथ हुज्जतबाजी की गई थी। भिलाई विधायक सहित अन्य के खिलाफ बलवा, यातायात बाधित करने सहित विभिन्न धाराओं के तहत जुर्म दर्ज किया गया है।

**- पंकज कुमार पटेल** एडीशनल एसपी

# शनिचरी की तंग गलियों में 50 से अधिक दुकानों में अवैध निर्माण

शनिचरी और बुधवारी बाजार जैसे पुराने और घने इलाकों की संकरी गलियों में दमकल वाहनों (फायर ब्रिगेड) को पहुंचना अक्सर बहुत मुश्किल होता है। इस तरह के सघन बाजारों में आग बुझाने के लिए जगह की कमी और गलियों की तंग बनावट बड़ी चुनौती बनती है, जिसके कारण आग तेज़ी से फैलती है। शनिचरी बाजार में तो अवैध निर्माण सबसे बड़ी समस्या है। कुछ साल पहले जब निगम ने नापजोख की थी तो 50 से अधिक दुकानों में नक्शे के विपरीत निर्माण मिला था। बाद में हालांकि कोई कार्रवाई नहीं हुई।

दरअसल शनिचरी बाजार में नगर निगम की 801 दुकानें हैं। इसके अलावा सब्जी वालों के चबूतरे हैं। सालों पहले जब ये दुकानें आवंटित की गईं थी उस समय दुकान की साइज क्या थी इसकी भी जानकारी निगम के पास भी ठीक ठाक नहीं है। फिलहाल हालत यह है कि निगम के पास भी ऐसी ढेर सारी शिकायतें पड़ीं हैं जिसमें कहा गया है कि बहुत से दुकानदारों ने बिना अनुमति के दुकानों में अवैध निर्माण कर लिया है। इसमें एक मंजिल ही नहीं दो मंजिला बना लिया गया है।

## पुराने और घने इलाकों की संकरी गलियों में दमकल वाहनों का पहुंचना मुश्किल



### छत पर निर्माण की अनुमति किसी को नहीं

वैसे शनिचरी बाजार को देखा जाए तो यह स्पष्ट दिखाई देता है कि दुकानों के ऊपर नए कंस्ट्रक्शन हो गए हैं या हो रहे हैं। यह निर्माण आवंटियों द्वारा बाजार विभाग की मिलीभगत से कराया जा रहा है। बाजार विभाग ने अपने बचाव के लिए कुछ लोगों को नोटिस देने की कागजी कार्यवाही पूरी कर ली और आगे की कार्रवाई करना भूल गया। दरअसल आवंटित दुकान के ऊपर यानी छत पर निर्माण की अनुमति किसी को नहीं दी गई है लेकिन बिना अनुमति सब कुछ चल रहा है, देखने वाला कोई नहीं है। सब अवैध हैं, इसके बावजूद निगम ने चुप्पी साध रखी है, तो इससे स्पष्ट है कि बाजार विभाग और निर्वाचित परिषद की मिलीभगत से यह सब चल रहा है।

### व्यापारियों ने लगाया लापरवाही का आरोप

इधर शनिचरी बाजार में आग लगने के बाद व्यापारियों में नाराजगी देखी गई। उनका आरोप है कि मंडी में दुकानों के शटर और बिजली व्यवस्था में करंट आने की शिकायत पहले भी कई बार की गई थी, लेकिन जिम्मेदार विभागों द्वारा कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। व्यापारियों का कहना है कि समय रहते समस्या का समाधान किया जाता तो इतनी बड़ी घटना टाली जा सकती थी।

### दुकानों का किया जा रहा सर्वे

शहर में निगम की जितनी भी दुकानें है उनका सर्वे कराया जा रहा है। सर्वे टीम को निर्देशित किया गया है कि वे दुकानों और सब्जी के लिए आवंटित चबूतरों की वर्तमान स्थिति क्या है यह दर्ज करें। उसका पूरा रिकार्ड एकत्र करें। अगर किसी दुकान में बदलाव नजर आता है तो वह कब और किसके आदेश से किया गया है, इसकी भी जानकारी ली जा रही है। चबूतरों पर अगर दुकान बने होंगे तो वे किसके आदेश और कब बने हैं, यह भी पता लगाया जा रहा है।

**- खजांची कुम्हार,** अपर आयुक्त

## न्यायधानी को अपराधमुक्त, सुरक्षित और स्वच्छ बनाने की पहल

# शहर में 10 करोड़ खर्च कर लगाए जाएंगे एक हजार हाईटेक सीसीटीवी कैमरे

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

जनसहयोग से त्रिनेत्र सेवा समिति स्मार्ट शहर में 10 करोड़ की लागत से शहर के चप्पे चप्पे पर 1000 हाईटेक सीसीटीवी कैमरा लगाएगी। इससे शहर को अपराधमुक्त, सुरक्षित व स्वच्छ बनाने में सहयोग मिलेगा। किसी भी तरह का अपराध होने पर सीसीटीवी कैमरे के माध्यमस से आरोपी सरलता से पकड़े जा सकेंगे।

शनिवार को तारबाहर आईटीएमएस बिल्डिंग में प्रेसवार्ता लेते हुए कलेक्टर संजय अग्रवाल, एसएसपी रजनेश सिंह, नगर निगम आयुक्त प्रकाश सर्वे व त्रिनेत्र सेवा समिति के पदाधिकारियों ने मेगा प्रोजेक्ट का ब्लूपिंट सामने रखा। समिति के अध्यक्ष रामावतार अग्रवाल ने कहा यह देश की चुनिंदा और अनूठी परियोजनाओं में से एक है। बिना सरकारी बजट के योजना को साकार किया जा रहा है। योजना को लागू करने के लिए 10 करोड़ रुपए की लागत आएगी। पूरा फंड कॉपोरेट सामाजिक दायित्व, व्यापारिक संगठनों, सामाजिक संस्थाओं, उद्योगपतियों और आम नागरिकों के स्वैच्छिक योगदान से जुटाया जा रहा है। समिति के कोषाध्यक्ष प्रवीण झा ने कहा शहर की सुरक्षा सिर्फ पुलिस व प्रशासन की नहीं, बल्कि हर नागरिक की जिम्मेदारी है। इस दौरान समिति के सदस्य सुरेन्द्र कुमार गुंबर, समिति के मीडिया प्रभारी मनीष अग्रवाल उपस्थित थे।

### चौक- चाराहे, गलियों में लगेंगे कैमरे

कलेक्टर संजय अग्रवाल ने कहा योजना के तहत शहर के प्रमुख चौक चौराहे, सकरी गलियों, संवेदनशील इलाकों और शहर के एंट्री - एक्जिट पाइंट्स पर 1000 हाईटेक सीसीटीवी कैमरा लगाए जाएंगे। कैमरे में एडवांस फीचर्स होंगे। ये कैमरे भागते हुए वाहनों की नम्बर प्लेट को तुरंत स्कैन व रिकार्ड कर लेंगे। हाई रिजोल्यूशन बुलेट कमरे से लैस होंगे, दिन हो या रात अपराधियों के चहेरे साफ क्वालिटी में कैद करेंगे। कैमरे को कंट्रोल रूम से किसी भी दिशा में घुमाया और दूर तक जूम किया जा सकेगा।




### इंटीग्रेटेड कंट्रोल रूम बनेगा

समिति के सदस्यों ने बताया, आईटीएमएस बिल्डिंग में पुरे सिस्टम को आपरेट करने के लिए आत्याधुनिक इंटीग्रेटेड कंट्रोल रूप विकसित किया जा रहा है। एक विशाल वीडियो वाल डिस्प्ले और नवीन हैवी ड्यूटी सर्वर प्रणाली स्थापित की जा रही है। इसकी क्षमता इनती होगी कि एक साथ हजारों कैमरों का लाइव डेटा मैनेज और स्टोर किया जा सकेगा। यह कंट्रोल यम भविष्य में शहर की सुरक्षा का सबसे बड़ा तंत्र साबित होगा।

### सबसे अच्छा इलेक्ट्रिक साक्ष्य होगा

एसएसपी रजनेश सिंह ने कहा स्मार्ट सिटी के तहत शहर के चौक चौराहे पर सीसीटीवी कैमरे लगे हैं, किन्तु वे पर्याप्त नहीं हैं। जनसहयोग से चप्पे चप्पे में हाईटेक सीसीटीवी कैमरा लगाने से शहर को अपराधमुक्त, दुर्घटना मुक्त बनाने के अलावा महिला सुरक्षा, स्वच्छता रखने में बड़ा सहयोग मिलेगा। कैमरों की मदद से पुलिस की कार्यप्रणाली और प्रभावी होगी। संदिग्ध गतिविधियों पर कंट्रोल रूम से रियल टाइम नजर रखी जाएगी। जिससे अपराध होने से पहले ही पुलिस एक्शन ले सकेगी। चोरी, लूट व अन्य अपराध की जांच में तुरंत डिजिटल सबूत मिल सकेंगे। यातायात नियमों का उल्लघन करने वालों पर लगाम लेगी।

## पीपल चौक के नाम से घर का पता देते हैं लोग, पर्यावरण दिवस पर अंचल में हुए विविध कार्यक्रम

# सैकड़ों वर्ष पुराने पीपल के पेड़ ने पूरे मोहल्ले को दी पहचान

हरिभूमि न्यूज ⏭ तखतपुर

जहां एक और पूरे देश और प्रदेश में हर चौक चौराहे का नाम किसी न किसी महापुरुष या राजनेता के नाम से रहता है वही नगर में दो ऐसे चौक हैं जिनका नाम वृक्ष के नाम से है। आनलाइन डिलवरी देने वाली कम्पनियों को वहां पर रहने वाले निवासी अपना पता उस वृक्ष के नाम से देते हैं। वृक्ष के नाम से इस वार्ड की पहचान भी है।

नगर के सबसे बड़े वार्ड क्रमांक 3 का एक चौक पीपल चौक के नाम से वर्षों से जाना जाता है। इस चौक पर लगे पीपल के वृक्ष के नीचे वर्षों से गुड़ी, चौपाल लग रही है। इस पीपल वृक्ष के नीचे मंदिर भी बना है। अब यह विशाल का वृक्ष आस्था का भी केंद्र बन गया है। वृक्ष के नीचे महिलाएं पूजा अर्चना और कथा भी करती हैं। विधानसभा क्षेत्र का हर व्यक्ति पीपल चौक को 150 वर्ष से भी पुराने वृक्ष के नाम से जानता है। कई घरों की चिट्ठियां और पार्सल पीपल चौक के पास के पते पर ही आता है। इस चौक के ठीक आगे अशोक पेड़ है जिसे अशोक चौक के नाम से भी जाना जाता है। टिकरीपारा के 4 रास्तों को पीपल चौक जोड़ता है।

सभी अपना आवागमन इस पेड़ के चारों तरफ से ही करते हैं। पूर्व पार्षद अशोक ठाकुर ने बताया कि इस चौक की पहचान पीपल चौक के रूप में वर्षों से है। आज जहां देश में चौक चौराहे का नाम महापुरुषों, राजनेता के नाम से है वहीं नगर के एक चौक का नाम पीपल चौक होना इस बात को दर्शाता है कि यहां के निवासी पर्यावरण से कितना प्रेम करते हैं। इसके अलावा इसी वार्ड में नीम पेड़ का भी चौक है।वर्षों पुराने इस पेड़ के नीचे मां शीतला का मंदिर भी है जहां प्रतिदिन पूजा की जाती है। इसी चौक पर स्थित इस नीम के पेड़ में मां शीतला में बच्चों को लाकर पूजा अर्चना कराई जाती है और बच्चों को आई माता पूजा करने के बाद शांत होने लगता है।



## पौधे को वृक्ष बनाने का लें संकल्प



सीपत। स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय में पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए व्यापक पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। विद्यालय की प्राचार्य सरिता यादव के नेतृत्व में शिक्षकों एवं विद्यार्थियों ने शाला परिसर में विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपे और उनके संरक्षण एवं नियमित देखभाल का संकल्प लिया। प्राचार्य श्रीमती यादव ने कहा कि पर्यावरण की रक्षा केवल एक दिन का अभियान नहीं, बल्कि जीवनभर निभाई जाने वाली जिम्मेदारी है। आज लगाया गया एक पौधा आने वाले वर्षों में सैकड़ों लोगों को स्वच्छ वायु, छाया और बेहतर जीवन प्रदान करेगा। यदि प्रत्येक विद्यार्थी अपने जीवन में कम से कम एक पौधे को वृक्ष बनने तक संरक्षित करने का संकल्प ले, तो हम एक हरित और स्वच्छ भविष्य का निर्माण कर सकते हैं। कार्यक्रम में शिक्षिका खुशबू सहित विद्यालय के छात्र-छात्राएं एवं अन्य शिक्षक उपस्थित रहे। सभी ने पर्यावरण संरक्षण को अपनी दैनिक जीवनशैली का हिस्सा बनाने का संकल्प लिया।

## स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण व पौधरोपण का लिया संकल्प



दगोरी। प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र लगे पेड़ पर पानी डालकर स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण व पौधरोपण करने का संकल्प लिया गया। आगामी बरसात के दिनों में परिसर को हरा भरा करने हेतु पौधे लगाने का भी निर्णय किया गया। इस दौरान सभी ने जल संरक्षण करने का भी बात कही। पौधों पर पानी डाला गया। मेडिकल आफिसर डा मंजुलता वर्मा, सहायक चिकित्सा अधिकारी शैलेंद्र श्रीवास्तव, नर्स प्रियंका लाशकर, प्रवीण दास, जितेंद्र बंधे, रवीना सोनवानी, राजकुमार ध्रुव, नीतू ध्रुव परमेश्वरी कौशिक, दशरथ सन्नाट आदि उपस्थित थे।

## भाजपा कार्यकर्ताओं ने डिंडौरी में किया पौधरोपण



लोरमी। ग्राम डिंडौरी में भारतीय जनता पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व के आह्वान पर चलाए जा रहे "एक पेड़ मां के नाम" अभियान के अंतर्गत भाजपा मंडल डिंडोरी में व्यापक पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में फलदार एवं पर्यावरण संरक्षण के दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण वृक्षों का रोपण कर लोगों को प्रकृति संरक्षण का संदेश दिया गया।

कार्यक्रम का संचालन भाजपा मंडल अध्यक्ष राजेंद्र साहू ने किया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से प्रदेश कार्यसमिति सदस्य कोमलगिरी गोस्वामी,प्रदेश मंत्री विनय साहू, प्रदेश प्रतिनिधि धनीराम यादव, जिलाध्यक्ष पिछड़ा वर्ग मोर्चा महाजन जायसवाल, जनपद उपाध्यक्ष राजेंद्र साहू, मंडल महामंत्री माधव तिवारी, मंडल उपाध्यक्ष राजेंद्र केशरवानी, उत्तम ध्रुवे, त्रिवेणी साहू, मंत्री विनोद यादव, महिला मोर्चा अध्यक्ष शीतला जायसवाल, कुलेश्वर साहू, वेदराम साहू, अश्विनी साहू, युवा मोर्चा अध्यक्ष रघुवीर साहू, उपाध्यक्ष दीनू पटेल, उत्तम लोनिया, मंत्री कमल साहू, हरदेव साकत, ललित वैष्णव, वीरेंद्र पोर्ते, पप्पू ध्रुव, मनीष वैष्णव, विमल साहू, सिराती साहू, गंगाराम, टोलीराम साहू, हरिशंकर साहू, अजय जायसवाल, जयप्रकाश साहू, उमाशंकर साहू, चुनु साहू, नरेश मार्को, बुधवा भास्कर, लोमस यादव सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

## एकल अभियान वन बंधु परिषद ने निकाली रैली



लोरमी। एकल अभियान वन बंधु परिषद द्वारा डिंडौरी दुल्लापुर में एकल कार्यकर्ताओं एवं एकल ग्रामीण उत्थान फाउंडेशन के द्वारा पौधरोपण अभियान, जागरूकता रैली एवं जनभागीदारी कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। रैली के माध्यम से ₹पेड़ लगाओ पर्यावरण बचाओ₹ और ₹प्लास्टिक का उपयोग बंद करो₹ जैसे नारे दिए गए। एकल अभियान आरोग्य प्रमुख रोशन सिंह राजपूत ने कहा कि असंतुलित भौतिक विकास के दुष्परिणामों से बचने एवं मानव सभ्यता को सुरक्षित रखने के लिए व्यापक स्तर पर पौधरोपण करना अत्यंत आवश्यक है। इस अवसर पर गुलाब सिंह राजपूत, सतीश राजपूत, राम अनुज सिंह ठाकुर, रामायण साहू, मनोज यादव, ललित यादव एकल ग्रामोत्थान फाउंडेशन प्रभारी, लक्ष्मणेंद्र पाठक एकल कार्यकर्ता, श्रवण मरावी, प्रमिला मरावी, संतोषी आदि मौजूद रहे।

## धरती को जहर न पिलाएं, शाश्वत यौगिक खेती अपनाएंः शशिप्रभा



मस्तूरी। कोटमीसुनार स्थित प्रभु अनुराग भवन में सांस्कृतिक एवं पर्यावरण जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित राजयोग शिक्षिका ब्रह्माकुमारी शशिप्रभा दीदी ने उपस्थित जनसमुदाय को प्रकृति संरक्षण का संदेश दिया। कार्यक्रम के अंत में पर्यावरण को हरा-भरा बनाने के संकल्प के साथ सभी उपस्थित लोगों को प्रसाद और विभिन्न प्रकार के फल-फूल वाले पौधे बांटे गए। कार्यक्रम का आरंभ बेहद आध्यात्मिक और शांतिपूर्ण माहौल में हुआ। ब्रह्माकुमारी शशिप्रभा दीदी ने उपस्थित सभी भाई-बहनों को गहन राजयोग मेडिटेशन कराया। 'प्रकृति परिवर्तन विषय पर संबोधित करते हुए ब्रह्माकुमारी शशिप्रभा दीदी ने कहा कि आज हमें अपनी धरती को रसायनों के जहर से बचाना होगा। उन्होंने सचेत करते हुए कहा, हम जो जहर धरती को दे रहे हैं, वही लौटकर हमारे भोजन और स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचा रहा है।₹ दीदी ने सभी किसानों और ग्रामीणों को 'शाश्वत यौगिक खेती' अपनाने के लिए प्रेरित किया, जिससे भूमि की उपजाऊ क्षमता और मनुष्यों का स्वास्थ्य दोनों सुरक्षित रह सकें। कार्यक्रम के संचालन में भ्राता टीकाराम कैवर्त्य ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## प्रयास एवं वन विभाग का बीजारोपण कार्यक्रम



लोरमी। प्रयास अ स्माल स्टेप संस्था एवं वन विभाग के संयुक्त तत्वावधान में बीजारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण, हरित आवरण बढ़ाने तथा समाज में प्रकृति के प्रति जागरूकता का संदेश देना था। प्रयास निशुल्क वनवासी पाठशाला में विद्यार्थियों के लिए पर्यावरण संरक्षण पर संदेश लेखन एवं ड्राइंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में बच्चों ने बढ़-चढ़कर भाग लेते हुए अपने चित्रों और संदेशों के माध्यम से प्रकृति संरक्षण, स्वच्छ पर्यावरण तथा वृक्षों के महत्व को रचनात्मक ढंग से प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के दौरान पर्यावरण संरक्षण से संबंधित संदेशों का प्रसार किया गया तथा सभी उपस्थित जनों को अपने जीवन में कम से कम एक पौधा लगाकर उसकी देखभाल करने के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर उप वनमंडलाधिकारी दशहंस प्रकाश सूर्यवंशी, परिक्षेत्र अधिकारी अनिरुद्ध कश्यप, जूही वर्मा व वन विभाग के कर्मचारी उपस्थित रहे।

## राजपूत क्षत्रीय समाज 18 को मनाएगा महाराणा प्रताप जयंती



तखतपुर। राजपूत क्षत्रीय समाज नगर इकाई 18 जून को महाराणा प्रताप जयंती मनाएगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उप मुख्यमंत्री अरुण साव, अति विशिष्ट अतिथि राजू सिंह क्षत्रिय पूर्व विधायक, दारा सिंह राजपूत केन्द्रीय अध्यक्ष, राजपूत क्षत्रीय समाज, नर्मदा सिंह राजपूत, बिहारी प्रताप सिंह राजपूत, मनोज सिंह राजपूत, दिलीप सिंह राजपूत, रामशरण सिंह राजपूत, रवींद्र कौर मक्कड़, दिनेश राजपूत, कोमल सिंह ठाकुर तथा वंदना बाला सिंह होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता विधायक धर्मजीत सिंह करेंगे। कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर महाराणा प्रताप भवन में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में परिक्षेत्रीय अध्यक्ष नर्मदा सिंह राजपूत ने बताया कि समाज द्वारा महाराणा प्रताप जयंती को ऐतिहासिक एवं गरिमामय स्वरूप प्रदान करने हेतु व्यापक तैयारियां की जा रही हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ईंधन खपत कम करने के आह्वान को ध्यान में रखते हुए समाज के वरिष्ठजनों एवं युवाओं ने सर्वसम्मति से इस वर्ष प्रस्तावित बाइक रैली को स्थगित करने का निर्णय लिया। बैठक में दारा सिंह राजपूत, विश्वनाथ सिंह राजपूत, लखन सिंह राजपूत, तोप सिंह तोमर, महेश सिंह राजपूत, जलेश्वर सिंह राजपूत। परिक्षेत्रीय व स्थानीय पदाधिकारीः नर्मदा सिंह राजपूत, दिलीप सिंह राजपूत, मनोज सिंह राजपूत, नारायण सिंह तखतपुर, हुकम सिंह, पोषण सिंह, ऋषि कुमार, कोमल सिंह ठाकुर तथा चिंटू सिंह ठाकुर सहित अन्य उपस्थित रहे।

## सराफा व्यापारियों की सुरक्षा को लेकर पुलिस सतर्क



पथरिया। स्थानीय पुलिस ने सराफा व्यापारियों की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर विशेष अभियान चलाया। गुरुवार को थाना प्रभारी गिरजाशंकर यादव के नेतृत्व में नगर में संचालित सराफा प्रतिष्ठानों तथा साप्ताहिक बाजार में लगने वाले सराफा बाजार की सघन जांच की गई। पुलिस ने व्यापारियों से सुरक्षा संबंधी आवश्यक सावधानियां बरतने की अपील की। थाना प्रभारी ने सराफा व्यापारियों को अपनी दुकानों में उच्च गुणवत्ता वाले सीसीटीवी कैमरे लगाने तथा उनकी रिकॉर्डिंग क्षमता अधिक समय तक सुरक्षित रखने की व्यवस्था करने के निर्देश दिए। साथ ही दुकान के अंदर और आसपास पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था बनाए रखने तथा सुरक्षा मानकों का पालन करने की सलाह दी गई। पुलिस ने व्यापारियों से कहा कि दुकान या बाजार क्षेत्र में किसी भी संदिग्ध व्यक्ति, गतिविधि अथवा घटना की जानकारी तत्काल पथरिया थाना अथवा डायल 112 को दें, ताकि समय रहते आवश्यक कार्रवाई की जा सके। थाना प्रभारी ने बताया कि साप्ताहिक बाजार में आने वाले व्यापारियों को भी सुरक्षा संबंधी दिशा-निर्देश दिए गए हैं। पुलिस द्वारा लगातार निगरानी रखी जा रही है और व्यापारियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं। पुलिस की इस पहल का सराफा व्यापारियों ने स्वागत करते हुए सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत बनाने की मांग की है।

## नया तालाब गहरीकरण कार्य का भूमिपूजन



मस्तूरी। जल संरक्षण एवं भू-जल संवर्धन को लेकर जिला प्रशासन द्वारा व्यापक स्तर पर चलाए जा रहे अभियान के तारतम्य में जनपद पंचायत क्षेत्र अंतर्गत स्थित ग्राम पंचायत भरारी में विकसित भारत-रोजगार एवं आजीविका मिशन ग्रामीण योजना के तहत स्वीकृत नया तालाब में गहरीकरण कार्य कराने भूमि पूजन कार्यक्रम आयोजित किया गया। शासन की इस महत्वाकांक्षी योजना को प्रारंभ करने के लिए गांव के वरिष्ठ प्रमुख जनों द्वारा विधिवत पूजा अर्चना कराया गया तत्पश्चात कार्य शुभारंभ किया गया। यह नया तालाब में गहरीकरण कार्य से भू जल संरक्षण के लिए बहुत ही लाभकारी सिद्ध होगा और पानी का भराव हमेशा बना रहेगा। इस अवसर पर सरपंच रेखा द्वारिका टंडन, उमाशंकर पटेल, मिथिलेश्वर पटेल, गुहाराम, रघुनाथ वैष्णव, टीका राम, लोकपाल पैकरा, सरोज पैकरा, अश्वनी टंडन, रवि पटेल, डॉक्टर पैकरा, मोहन पैकरा आदि शामिल थे।

### समाज के लोगों ने सुशांत से मिलकर जताया आभार

# सखाराम सूर्यवंशी के नाम पर होगा बेलतरा कॉलेज

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोपका



मुख्यमंत्री विष्णु देव साय द्वारा सूर्यवंशी समाज के पुरोधा स्व. सखाराम सूर्यवंशी के नाम पर बेलतरा कॉलेज की घोषणा पर सूर्यवंशी समाज ने सीएम के नाम पर धन्यवाद प्रेषित किया है।

समाज के लोगों ने बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला के निवास सेवा सदन पहुंचकर आभार जताया। सूर्यवंशी समाज के जिला अध्यक्ष नंदकिशोर डहरिया ने कहा कि आज समाज गौरवान्वित हो रहा है। कॉलेज के नाम के घोषणा से निश्चित ही समाज का नाम आगे बढ़ा है। महासचिव मनीष सेंगर ने कहा कि समाज ने इसकी पहल काफी पहले की थी। जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश सूर्यवंशी ने भी शासन के प्रति कृतज्ञता जाहिर की। विधायक सुशांत शुक्ला ने कहा कि सूर्यवंशी समाज एक क्रियाशील एकजुट समाज है। इस समाज में बहुत कुछ काम करना बाकी है। इस अवसर पर रहस्य गढ़ेवाल, सुशील सूर्यवंशी प्रकाश सूर्या, वीआर सत्यार्थी, ताराचंद रत्नाकर, पूर्व महासचिव साखन दर्वे, रहस्य रात्रि, टीआर लहरें, जागरण कश्यप, अरुण कुमार खरे, जगत सोनी, भूतनाथ टैगोर, राजेंद्र लसकर, शिव शंकर, संजय कुमार, विनोद डोंगरे, दुर्गेश सूर्य, राकेश सूर्यवंशी, रामलाल सूर्यवंशी, राजू खरे, देव कुमार पारकर, तीज राम राठिया, महिंद्र, जगत, सत्य प्रकाश, शशिकांत लेसर, रमाकांत सहित कार्यकर्ताओं ने आभार जताया।



हरिभूमि लाइव
बिलासपुर, रविवार 7 जून 2026
Email id- haribhoomibsp@gmail.com
Whats App - 6263190692, 8305922255



आयोजन

## संगोष्ठी में वन औषधि विरासत पर चर्चा, विमर्श



**बिलासपुर।** परंपरागत ज्ञान एवं वनौषधि विकास फाउंडेशन छत्तीसगढ़ ने संगोष्ठी एवं एकेडेमिशियन सम्मान समारोह का आयोजन किया। इसमें शिक्षा, पर्यावरण संरक्षण, भारतीय ज्ञान परंपरा, वनौषधीय विरासत तथा सतत विकास जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा कर विमर्श हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं फाउंडेशन के निदेशक डॉ निर्मल कुमार अवस्थी ने कहा कि वर्तमान समय में पर्यावरण संरक्षण और औषधीय पौधों का महत्व निरंतर बढ़ रहा है। उन्होंने भारतीय ज्ञान परंपरा में वर्णित वट, पीपल, गूलर सहित विभिन्न औषधीय वृक्षों और वनस्पतियों की उपयोगिता पर प्रकाश डालते हुए प्रकृति को मानव जीवन का आधार बताया। विशिष्ट वक्ता डॉ भूपेंद्र धर दीवान ने प्रकृति और मानव अस्तित्व के अंतर्संबंधों पर अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि प्रकृति के साथ सामंजस्यपूर्ण जीवन ही स्थायी सुख, स्वास्थ्य और सामाजिक संतुलन का मार्ग प्रशस्त करता है। वक्ता रोहित भांगे ने वक्ता विक्रम धर दीवान ने पर्यावरणीय चुनौतियों से निपटने के लिए जन-जागरूकता और सामुदायिक सहभागिता को आवश्यक बताते हुए समाज के सभी वर्गों से सक्रिय योगदान का आह्वान किया। इस मौके पर शिक्षाविदों, शोधार्थियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं, पर्यावरण विशेषज्ञों एवं विद्यार्थियों की सहभागिता रही। कार्यक्रम का संचालन डॉ भूपेंद्र धर दीवान एवं आभार प्रदर्शन कुलेश्वर प्रसाद साहू ने किया।

शिविर

## प्रतिभागियों को कराया गया शरीर, मन संतुलन का अभ्यास




**बिलासपुर।** ब्रह्माकुमारीज़ शिव अनुराग भवन में आयोजित विशेष योग अभ्यास शिविर में बीके गायत्री दीदी ने उत्तानमंडूकासन एवं शशकासन के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि योग का उद्देश्य केवल शरीर को स्वस्थ बनाना नहीं, बल्कि मन को शांत, विचारों को सकारात्मक और जीवन को संतुलित बनाना भी है। आज के दोनों आसन शरीर और मन के इसी संतुलन का उदाहरण है। दीदी ने बताया कि उत्तानमंडूकासन छाती, कंधों एवं फेफड़ों को सक्रिय करने वाला महत्वपूर्ण आसन है। इसके अभ्यास से शरीर में ऊर्जा का संचार होता है। श्वसन क्षमता में सुधार आता है। कंधों एवं पीठ की जकड़न कम होती है। नियमित अभ्यास से व्यक्ति स्वयं को अधिक ऊर्जावान, आत्मविश्वासी और सक्रिय अनुभव करता है। योग प्रशिक्षक बीके कविता बहन ने मंच से उत्तानमंडूकासन का प्रदर्शन करते हुए प्रतिभागियों को इसकी सही विधि की जानकारी दी। गायत्री दीदी ने बताया कि यह आसन विशेष रूप से उन लोगों के लिए लाभकारी है जो लंबे समय तक बैठकर कार्य करते हैं या जिनकी जीवन शैली अपेक्षाकृत कम सक्रिय है। दीदी ने कहा कि शशकासन हमें विनम्रता और सहनशीलता का भी संदेश देता है। शशकासन के अभ्यास से रीढ़ की हड्डी को आराम मिलता है तथा मस्तिष्क में सकारात्मक ऊर्जा का प्रवाह बढ़ता है।

# पीएससी मुख्य परीक्षा में पहले दिन पूछे गए स्टैंडर्ड के सवाल

## जिनकी तैयारी बेहतर वे हुए खुश

- चार दिनों तक चलने वाली इस परीक्षा के पहले दिन भाषा और निबंध के पेपर दो पालियों में हुए।
- जिले में 5 सेंटर बनाए गए, कुल 1948 परीक्षार्थियों में से 1853 उपस्थित तो 95 अनुपस्थित रहे।

राज्यलोक सेवा आयोग की 2025 मुख्य परीक्षा का शनिवार से शुरू हुई। एक्सपर्ट्स और उम्मीदवारों के अनुसार सीजी पीएससी में इस बार स्टैंडर्ड सवाल पूछे गए। जिन्होंने परीक्षा की अच्छी तैयारी की होगी पर्चा देखकर वे निश्चित तौर खुश हुए होंगे। चार दिनों तक चलने वाली इस परीक्षा के पहले दिन भाषा और निबंध के पेपर हुए। छत्तीसगढ़ी भाषा के प्रश्नों में अन्य राज्य के उम्मीदवार उलझे नजर आए। परीक्षा के लिए बिलासपुर में 5 सेंटर बनाए गए हैं। परीक्षा 9 जून तक चलेगी। पहले दिन कुल 1948 परीक्षार्थियों में से 1853 उपस्थित तो 95 अनुपस्थित रहे।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग (सीजीपीएससी) की राज्य सेवा (मुख्य) परीक्षा-2025 की लिखित परीक्षा 6 जून से 9 जून 2026 तक होगी। यह परीक्षा निर्धारित चार दिनों तक प्रतिदिन दो पालियों में आयोजित की जाएगी।

इसमें प्रथम पाली: प्रातः 9:00 बजे से दोपहर 12:00 बजे तक और दूसरी पाली दोपहर 2:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक रहेगी। 6 जून को प्रथम पाली में भाषा तथा द्वितीय पाली में निबंध की परीक्षा हुई। पीएससी ने परीक्षा के लिए जिले में पांच केन्द्र बनाए हैं। इसमें जेपी वर्मा कालेज, बिलासा गर्ल्स कालेज, मल्टीपरपस स्कूल, देवकीनंदन स्कूल और लाल बहादुर शास्त्री स्कूल शामिल हैं।

### 200 अंकों का पेपर, हल करने 3 घंटे का समय




अधिकारियों के मुताबिक रविवार को हिस्ट्री कांस्टीट्यूशन और एडमिनिस्ट्रेशन और साइंस टेक्नोलॉजी एनवायरमेंट की परीक्षा होगी। इसके बाद 8 और 9 जून को को क्रमशः इकोनॉमिक्स और ज्योग्राफी, मैथेमेटिक्स एंड लॉजिकल एबिलिटी, फिलॉस्फी एंड सोशियोलॉजी के पेपर होंगे। ध्यान रहे कि मुख्य परीक्षा छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग द्वारा राज्य के विभिन्न प्रशासनिक पदों (जैसे डिप्टी कलेक्टर, डीएसपी, आदि) पर चयन के लिए आयोजित की जाने वाली वर्णनात्मक लिखित परीक्षा है। इसमें कुल 7 अनिवार्य प्रश्नपत्र होते हैं। प्रत्येक प्रश्नपत्र 200 अंकों का होता है और इसे हल करने के लिए 3 घंटे का समय दिया जाता है।

### यह पेपर होंगे

- प्रश्नपत्र-I : भाषा (हिंदी, अंग्रेजी और छत्तीसगढ़ी)
- प्रश्नपत्र-II : निबंधप्रश्नपत्र
- प्रश्नपत्र-III : सामान्य अध्ययन
- प्रश्नपत्र-IV : सामान्य अध्ययन - II
- प्रश्नपत्र-V : सामान्य अध्ययन
- प्रश्नपत्र-VI : सामान्य अध्ययन
- प्रश्नपत्र-VII : सामान्य अध्ययन

### लोक पर्व, और कहावतों से संबंधित प्रश्न

पहले दिन भाषा के पहले पेपर में हिंदी, अंग्रेजी और छत्तीसगढ़ी से संबंधित प्रश्न पूछे गए तो दूसरी पाली में निबंध के सवाल थे। पहले पेपर में छत्तीसगढ़ी भाषा के अंतर्गत छत्तीसगढ़ी की उप-बोलियाँ (उत्तर, दक्षिण, पूर्व, पश्चिम और मध्य), प्रमुख लोक पर्व, और कहावतों/मुहावरों के अर्थ सीधे पूछे गए। हिंदी भाषा में व्याकरण से जुड़े बिंदु जैसे संधि, समास, तत्सम-तद्भव, और पर्यायवाची शब्द पूछे गए।

# 108 महिलाओं ने सोलह श्रृंगार कर की सुहागन पूजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

श्री चन्द्रपुरिहा कसौंधन वैश्य गुप्ता महिला मंडल द्वारा पुरुषोत्तम मास में करबला स्थित सामाजिक भवन में सुहागन पूजा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें 108 सुहागिनों ने सोलह श्रृंगार कर भाग लेकर सुहागन पूजा की।

कार्यक्रम का आयोजन अध्यक्ष मधु गुप्ता, सचिव वीणा बबली गुप्ता और कोषाध्यक्ष शिल्पा गुप्ता ने किया। सभी महिलाएं ऑरेंज कलर की साड़ी में सोलह श्रृंगार कर आई हुई थीं। कार्यक्रम का शुभारंभ आदिशक्ति मां दुर्गा की पूजा-अर्चना के साथ किया गया। सभी महिलाओं को चूड़ी, बिंदी, आलता, सिंदूर, मेहंदी, काजल, चना गुड़ और एक पोटली में पान डाल कर भेंट स्वरूप दिया गया। साथ ही सत्यनारायण भगवान की पूजा कर आरती की गई। कथा का वाचन किया गया। इसका प्रतिभागी सभी सुहागिनों ने श्रवण किया।

कार्यक्रम की होस्ट किरण गुप्ता, मधु राकेश गुप्ता, बबली गुप्ता, शिल्पा गुप्ता, शुभ्रा गुप्ता, सपना रिंकू गुप्ता, आरती गुप्ता, तृप्ति गुप्ता, उषा गुप्ता, संगीता रवि गुप्ता, शालिनी गुप्ता शारदा गुप्ता, वर्षा गुप्ता, दीप्ति गुप्ता, भारती गुप्ता, अंजू गुप्ता, नेहा नवीन, नीता गुप्ता, मंजू गुप्ता, दीपा गुप्ता, निक्की गुप्ता थीं।

### पुरुषोत्तम मास में गुप्ता महिला समाज ने किया आयोजन



### गाए गए भजन

कार्यक्रम में महिलाओं ने ढ़ोलक की थाप पर भगवान नारायण पर आधारित एक से बढ़ कर भजन-कीर्तन की प्रस्तुति दी। इससे माहौल धार्मिकमय बना रहा।

आयोजन में सुधा साव, प्रभा गुप्ता, उषा शाह, शारदा गुप्ता, पूर्णिमा गुप्ता, सुनिता शाह, गायत्री गुप्ता, मंजू शाह शामिल हुईं। सभी ने इस कार्यक्रम का खूब आनंद उठाया।

# स्वर, श्वास और संवाद की बारीकियों से रूबरू हुए युवा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

अग्रज नाट्य दल बिलासपुर द्वारा आयोजित 45 दिवसीय अभिनव एवं रंगमंच प्रशिक्षण कार्यशाला के अंतर्गत प्रतिभागियों के लिए वॉइस कल्चर विषय पर एक विशेष सत्र का आयोजन किया गया।

इसमें आकाशवाणी की कार्यक्रम अधिकारी डॉ. सुप्रिया भारतीयन ने प्रशिक्षार्थियों को आवाज की वैज्ञानिक संरचना, उसके विकास और प्रभावी उपयोग के विविध पहलुओं की जानकारी प्रदान की। डॉ. भारतीयन ने बताया कि अभिनय और मंचीय प्रस्तुति में आवाज केवल संवाद बोलने का माध्यम नहीं, बल्कि भाव, संवेदना और व्यक्तित्व की अभिव्यक्ति का महत्वपूर्ण साधन है। उन्होंने बताया कि श्वसन तंत्र, फेफड़े, स्वरयंत्र तथा वोकल कॉर्ड्स की सामूहिक क्रिया से ध्वनि का निर्माण होता है।

उन्होंने प्रतिभागियों को आवाज की एनाटॉमी से परिचित कराते हुए बताया कि वोकल कॉर्ड्स में होने वाले कंपन से स्वर उत्पन्न होता है और उचित अभ्यास द्वारा इसे अधिक स्पष्ट, प्रभावशाली तथा सशक्त बनाया जा सकता है। उन्होंने सहजन (रेज़ोनेंस) और श्वसन की तकनीकों के माध्यम से आवाज को बेहतर बनाने के उपाय बताए। डॉ. भारतीयन ने अभिनय में भावपूर्ण संवाद-अभिव्यक्ति के महत्व पर विशेष बल दिया। प्रतिभागियों ने खुशी, दुख, क्रोध, आश्चर्य, करुणा और उत्साह जैसे विभिन्न भावों के साथ संवाद बोलने का अभ्यास किया। कार्यशाला में शामिल युवाओं ने इस सत्र को अत्यंत उपयोगी बताते हुए कहा कि इससे उन्हें न केवल अभिनय में बल्कि दैनिक संवाद और व्यक्तित्व विकास में भी सहायता मिलेगी। प्रशिक्षणार्थियों ने पूरे उत्साह के साथ अभ्यासों में भाग लिया और विशेषज्ञ से अपनी जिज्ञासाओं का समाधान प्राप्त किया।

### मंच पर प्रभावी प्रस्तुति के गुर सिखाए डॉ. सुप्रिया भारतीयन



### योगेश स्मृति नाट्य महोत्सव 26 से

26 जून से 29 जून तक योगेश स्मृति नाट्य महोत्सव के दौरान प्रशिक्षण प्राप्त प्रतिभागियों के नाट्य मंचन के माध्यम से किया जाएगा। महोत्सव में कार्यशाला के दौरान सीखे गए अभिनय, वाणी, संगीत और मंचीय कौशल का प्रदर्शन करते हुए युवा कलाकार विभिन्न नाट्य प्रस्तुतियां देंगे।

## पार्थिव शिवलिंग बनाने हर दिन उमड़ रही भीड़

**बिलासपुर।** दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर मिशन हास्पीटल रोड में पुरूषोत्तम मास में विशेष पूजन महोत्सव का आयोजन किया गया है। इसमें पार्थिव शिवलिंग बनाने हर दिन श्रद्धालु भक्तों की भीड़ उमड़ रही है। समापन पर 15 जून को 11000 पार्थिव शिवलिंग का महा रूद्राभिषेक किया जाएगा। आचार्य पं. प्रेमकांत मिश्रा ने बताया कि पार्थिव शिवलिंग बनने के बाद उसका दूध, दही, घी, शक्कर, शहद से वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विधि-विधान से महाभिषेक किया जा रहा है। इससे मंदिर परिसर का माहौल एकदम भक्तिमय बन गया है। अभिषेक के बाद हर दिन महाआरती कर प्रसाद वितरण किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि यह आयोजन सर्वे भवंतु सुखिनः सर्वे भवन्तु निरामया, सर्वे भद्राणी पश्यंति मां कश्चित दुखः भाग भवेत की भावना से किया जा रहा है। अभी तक 27 हजार से अधिक पार्थिव शिवलिंग का निर्माण हो चुका है। वहीं लड्डू गोपाल व शालीग्राम का भी अभिषेक हो रहा है। भगवान शिव का 108 बेलपत्र से अर्चन तो लड्डू गोपाल का तुलसी अर्चन किया जा रहा है। अभिषेक का यह क्रम पुरूषोत्तम मास के समापन 15 जून तक चलते रहेगा। समापन पर 15 जून को 11000 पार्थिव शिवलिंग का महा रूद्राभिषेक किया जाएगा। विशाल भण्डारा होगा। जिसमें सैकड़ों लोग प्रसाद ग्रहण करेंगे।



स्पोर्टर्स न्यूज

# बीबीपीएल : रोमांचक मुकाबलों के साथ आगाज, राहुल रॉय रहे आकर्षण का केंद्र



**बिलासपुर।** बिलासपुर बंगाली प्रीमियर लीग (बीबीपीएल) क्रिकेट टूर्नामेंट सीजन-1 का शुभारंभ उत्साहपूर्ण माहौल में हुआ। पहले दिन खेले गए मुकाबलों में गांगुली ब्लास्ट ने बनर्जी बैरियर्स, मुखर्जी नाइट ने घोष राइडर्स, बंगाल टाइगर्स ने दत्त स्ट्राइकर्स तथा बनर्जी चैलेंजर्स ने एसवी टाइटंस को पराजित कर जीत दर्ज की।

आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व विधानसभा अध्यक्ष, बिल्हा विधायक धरमलाल कौशिक एवं तखतपुर विधायक धर्मजीत सिंह उपस्थित रहे। वहीं बॉलीवुड अभिनेता राहुल राय विशेष अतिथि के रूप में शामिल हुए। अतिथियों का बीबीपीएल के चंदन गांगुली एवं आयोजन समिति ने आत्मीय स्वागत किया।

इस अवसर पर राहुल रॉय ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल केवल जीत-हार का माध्यम नहीं, बल्कि अनुशासन, व्यक्तित्व विकास और टीम भावना का सशक्त मंच हैं। उन्होंने युवाओं को अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित होकर निरंतर मेहनत करने की प्रेरणा दी। इस अवसर पर मौजूद सीएमडी कॉलेज के चेयरमैन संजय दुबे ने भी राहुल राय से मुलाकात की। उन्होंने उनकी हिट फिल्म आशिकी के दौर को याद दिलाया।




टूर्नामेंट के दौरान खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट खेल कौशल का प्रदर्शन किया। आयोजन समिति ने सभी अतिथियों, खिलाड़ियों, प्रायोजकों और दर्शकों के प्रति आभार व्यक्त किया।

## हॉकी संघ ने मनाया एशिया कप में जीत का जश्न

जापान के काका मिहारा में 26 मई से 6 जून तक आयोजित पुरुष व महिला अंडर 18 एशिया कप हॉकी प्रतियोगिता में भारतीय पुरुष टीम ने शानदार खेल का प्रदर्शन किया। सेमीफाइनल में पाकिस्तान को हराने के बाद भारत ने फाइनल में मेजबान जापान को पराजित कर खिताब अपने नाम किया। विजेता बनी भारतीय टीम में बिलासपुर के युवा खिलाड़ी अवि मानिकपुरी का प्रदर्शन शानदार रहा।

66 वर्ष के इतिहास में यह पहली बार हआ, जब किसी स्थानीय खिलाड़ी ने अंडर 18 राष्ट्रीय टीम का प्रतिनिधित्व किया। भारतीय हॉकी टीम के विजेता बनने पर हॉकी बिलासपुर के खिलाड़ी और पदाधिकारियों ने जश्न मनाया और टीम के सम्मान में हनुमान मंदिर पर जाकर 11 किलो लड्डू का भोग लगाया। इस अवसर पर हॉकी बिलासपुर के अध्यक्ष रोहित बाजपेयी, प्रदेश हॉकी छत्तीसगढ़ के महासचिव डॉ. मनीष श्रीवास्तव, पूर्व खिलाड़ी सुनील शुक्ला, धनीराम यादव, अमिताभ मानिकपुरी, सचिव रवि पारेख, सोनू सिंह, शिव नायडू, ओमकार यादव, जयश्री हुमने, दामिनी सिंह सहित अवि के पिता जितेन्द्र मानिकपुरी, माता शशिकला मानिकपुरी सहित बड़ी संख्या में खिलाड़ी मौजूद थे। इसी तरह नगर हॉकी संघ बिलासपुर ने भी भारतीय टीम के एशिया कप की जीत पर पुलिस ग्राउंड में जश्न मनाया।



राष्ट्रीय स्टैण्ड बॉल

## शहर के युवक हिस्सा लेने गुजरात रवाना

स्टैंड बॉल की दो दिवसीय तीसरी राष्ट्रीय सेमिनार गुजरात के गांधीनगर में आयोजित है। इसमें भाग लेने स्टैण्ड बॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया के महासचिव जाविद अली बिलासपुर गुजरात के लिए रवाना हो गए हैं। सेमिनार का समापन रविवार 7 जून को होगा।

महासचिव श्री अली ने बताया कि उक्त सेमिनार में 13 से 14 प्रदेशों के प्रतिनिधि भाग ले रहे हैं एवं वहां आगामी राष्ट्रीय प्रतियोगिता बिलासपुर की रूपरेखा भी तैयार की जाएगी। साथ ही रेफरी चयन की प्रक्रिया भी की जाएगी। फेडरेशन की कोषाध्यक्ष डॉ शाजिया अली ने बताया कि स्टैण्ड बॉल के पदाधिकारियों का विस्तार किया जाना है। यह सेमिनार खिलाड़ियों और पदाधिकारियों के लिए महत्वपूर्ण है। खेल की बारीकियों के साथ खेल प्रबंधन पर व्याख्यान होगा।



## राज्य स्तरीय तैराकी का चयन ट्रायल

कॉरपोरेशन बिलासपुर तैराकी संघ के सचिव हेमंत सिंह परिहार ने बताया कि छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय तैराकी चयन ट्रायल 7 जून को रामपुर इंटरनेशनल स्विमिंग पूल रायपुर में आयोजित किया जा रहा है, जिसमें संघ के खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं। खिलाड़ियों में आरव शर्मा, अमर साहू, अभय साहू, अर्पित धारा, अनुष्का भगत, अजिंक्य सिंह, गीतिका घोष, शिवांगी पांडे, कोच संतोष पाल, मैनेजर सुनीता शर्मा टीम में शामिल हैं। चयन ट्रायल प्रतियोगिता में चयनित खिलाड़ी गुजरात में 16 से 21 जून तक आयोजित राष्ट्रीय तैराकी प्रतियोगिता में भाग लेंगे। खिलाड़ियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए बद्री प्रसाद गुर्जर, सतीश सिंह ठाकुर, हेमंत सिंह परिहार, शंकर पांडे, मनोज कश्यप, बीएस यादव, सागर सिंह परिहार, दिनेश सिंह, विनय सिंह व अन्य पदाधिकारियों ने शुभकामनाएं दी हैं।









## विश्व स्कूल बास्केटबॉल में खिलाड़ी चयनित

सर्वज्ञ राव बास्केटबॉल एकेड़मी, डीपीएस खेलों इंडिया एकेडमी एवं युगांतर खेलों इंडिया एकेडमी के 6 खिलाड़ी अंजनी, रुमी कोनवर, काम्या झा, रेवा कुलकर्णी, हिमांशु सिंह और शुभम सिंह का चयन भारतीय स्कूल टीम के लिए हुआ है। यह टीम ज्लातिबोर सर्बिया में आगामी 13 से 22 जुन तक आयोजित विश्व स्कूल बास्केटबॉल प्रतियोगिता में भाग लेंगी। कैम्प के लिए अकादमी के 7 खिलाड़ियों का चयन रांची में 26 मई से 10 जुन तक आयोजित भारतीय स्कूल टीम के कैम्प के लिए हुआ था। यह कैंप स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित किया जा रहा है। चयनित खिलाड़ियों ने सीबीएसई के विजेता टीम के तौर पर सीबीएसई का प्रतिनिधित्व किया था।

# देश के आधे हिस्से में आठ माह बाद भी नहीं मिला रेलवे स्टेशन से चोरी हुआ बच्चा, मिल रहा सिर्फ आश्वासन

**बिलासपुर।** रेलवे स्टेशन बिलासपुर से बच्चा चोरी के मामले को 8 माह से अधिक बीत गए हैं, लेकिन अब तक जीआरपी को देश के आधे से अधिक हिस्से में खोजबीन करने के बाद भी बच्चे को चोरी करने वाली महिला का कोई सुराग नहीं मिल सका है।

वहीं बच्चे के परेशान परिजन जीआरपी पहुंचकर जानकारी लेते हैं, जिन्हें केवल आश्वासन के अलावा कुछ भी नहीं मिल पा रहा है। गौरतलब है कि 9 माह पहले बिलासपुर रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर एक पर सो रही एक महिला के पास से उसके डेढ़ साल के बेटे को दूसरी महिला उठाकर ले गई। दंपती के प्लेटफार्म के अंदर आने से लेकर उनके पुत्र के अपहरण तक की पूरी घटना रेलवे स्टेशन के सीसीटीवी में कैद हो गई, जिस महिला ने डेढ़ साल के मासूम का अपहरण किया है उसके साथ एक छोटी बच्ची भी थी। ट्रेन में सवार होते समय दोनों बच्चे नजर आए लेकिन उनका चेहरा साफ नजर नहीं आ रहा था। जिस महिला के बच्चे का अपहरण हुआ, उसने सीसीटीवी फुटेज देखकर कपड़े से अपने बच्चे की पहचान जीआरपी को बताया। दमोह निवासी मिथुन प्रधान व उनकी पत्नी बिजली प्रधान के दो बच्चे एक बेटी और एक बेटा हैं। रेलवे स्टेशन आने से पहले दोनो पति-पत्नी के बीच किसी बात को लेकर विवाद हुआ था, जिसके बाद बिजली प्रधान अपने बच्चों को लेकर बस में सवार होकर बिलासपुर आ गई। उसके पीछे उसका पति मिथुन भी आ गया। दोनों ने अलग–अलग स्थानों पर शराब पी और रेलवे स्टेशन पहुंच गए। रात 11 बजे के लगभग ये लोग बिलासपुर रेलवे स्टेशन के गेट नंबर एक में सीढ़ियों के पास सो गए। जब सोकर उठे तो उनका डेढ़ साल का बेटा वहां नहीं था। पूरे स्टेशन में खोजबीन करने के बाद परिजन अपने गुम बच्चे की शिकायत करने के लिए जीआरपी पहुंचे, जहां जीआरपी ने अज्ञात महिला के खिलाफ अपहरण की धारा 137 के तहत अपराध कायम किया। बच्चे की खोजबीन करने के लिए जीआरपी ने पहले महाराष्ट्र मुम्बई की ओर जाने वाली गाड़ियों की तलाशी शुरु की, जिसके बाद संबंधित स्टेशनों में पहुंचकर सीसी टीवी फुटेज चेक किया गया। पिछले आठ माह के दौरान जीआरपी की टीम ने आंध्रप्रदेश, महाराष्ट्र, ओडिशा, पश्चिम बंगाल, विशाखापट्टनम, के अलावा असम सहित देश के आधे हिस्से में जाकर आरोपी महिला और बच्चे की खोजबीन की, लेकिन उन्हें कोई सुराग नहीं मिल सका।

### मुश्किल हो रहा खोजना

स्टेशन से चोरी हुए बच्चे और आरोपी महिला की खोजबीन करने के लिए देश के आधे हिस्से में छानबीन कर ली गई, लेकिन उसे खोजना मुश्किल हो रहा है। जहां से बच्चे को चोरी किया गया, वहां के सीसी टीवी फुटेज में आरोपी महिला का चेहरा भी साफ नहीं दिख रहा है। बच्चे के परिजन आते हैं, जिन्हें आश्वासन दिया जा रहा है।

**-विश्वनाथ चक्रवर्ती,** प्रभारी, जीआरपी बिलासपुर

# एसईसीएल और एनटीपीसी के सहयोग से किया जाएगा डेढ़ लाख प्लांटेशन, 3 लाख पौधे हो रहे तैयार

**बिलासपुर।** पांच साल के दौरान वन विकास निगम कोटा परियोजना मंडल ने बिलासपुर जिले के चारों रेंज कोटा, बेलगहना, अचानकमार टाइगर रिजर्व क्षेत्र और बिलासपुर रेंज में करीब 27 लाख से अधिक पौधरोपण किया है।

इस कार्यकाल में किए गए पौधे अब हरे-भरे वृक्ष बन गए हैं। इसके उपरांत इस वर्ष एसईसीएल और एनटीपीसी के सहयोग से डेढ़ लाख से अधिक पौधे लगाने का कार्य किया जाएगा, जिसकी तैयारी शुरू कर दी गई है। छत्तीसगढ़ राज्य वन विकास निगम लिमिटेड कोटा परियोजना मंडल, बिलासपुर ने पिछले पांच वर्षों 2021 से 2025-26 के दौरान विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत व्यापक वृक्षारोपण करते हुए कुल 951.980 हेक्टेयर क्षेत्र में 27 लाख 14 हजार 350 पौधों का रोपण किया है। वन विकास निगम की ओर से नियमित पौधरोपण कार्यक्रम के तहत 66 कक्षों में 852 हेक्टेयर क्षेत्र में 21 लाख 30 हजार पौधे लगाए गए। इसमें मुख्य रूप से सागौन प्रजाति का रोपण किया गया। इसके अतिरिक्त क्लोनल सागौन अंतर्गत 1 हेक्टेयर में 2 हजार 500 पौधे तथा क्लोनल नीलगिरी के तहत 90 हेक्टेयर क्षेत्र में 2 लाख 25 हजार पौधों का रोपण किया गया। डिपाजिट पौधरोपण योजनाओं के माध्यम से वर्ष 2021-22 से 2025-26 तक 93.760 हेक्टेयर क्षेत्र में 3 लाख 16 हजार 250 पौधे लगाए गए। यह कार्य विभिन्न संस्थाओं एवं परियोजनाओं के सहयोग से संपादित किया गया, जिससे शहरी एवं अर्धशहरी क्षेत्रों में हरित आवरण बढ़ाने में मदद मिली। इसके साथ ही अरपा नदी के किनारे इस वर्ष विशेष वृक्षारोपण अभियान चलाकर नदी तट संरक्षण और पर्यावरण संवर्धन की दिशा में भी महत्वपूर्ण पहल की गई। वर्ष 2025-26 में अरपा नदी किनारे 3.620 हेक्टेयर क्षेत्र में 20 हजार 300 पौधों का रोपण किया जाएगा। इसमें मियाबाकी वृक्षारोपण, ब्लॉक वृक्षारोपण एवं रामसेतु क्षेत्र के किनारे वृक्षारोपण शामिल हैं। इस पहल से नदी तटों के कटाव नियंत्रण, जैव विविधता संरक्षण तथा शहरी हरियाली बढ़ाने में मदद मिलेगी। वन विकास निगम के इन सतत प्रयासों से बिलासपुर क्षेत्र में हरित आवरण का विस्तार हुआ है। वन विकास निगम की तरह बारिश के मौसम में पौधरोपण का कार्य बिलासपुर वन मंडल भी करती है।बिलासपुर के चारों रेंज बेलगहना, बिलासपुर, कोटा और रतनपुर में पौधरोपण करने के लिए पौधों की तैयारी शुरु कर दी गई है। शासन की योजना के तहत एक पेड़ मां के नाम के अलावा मनरेगा में करीब 3 लाख से अधिक पौधों को तैयार किया जा रहा है।

### 10 किमी एरिया में पौधरोपण

विभाग की ओर से कोई अलग से प्लांटेशन नहीं किया जाता है। एसईसीएल और एनटीपीसी की ओर से वन विकास निगम को प्लांटेशन का कार्य सौंपा जाता है। इस वर्ष एनटीपीसी 10 किलोमीटर के एरिया में करीब एक लाख से अधिक पौधे और एसईसीएल करीब 50 हजार से अधिक पौधरोपण कराएगी। इसके तहत शहर और इंडस्ट्रीयल एरिया में अगर जमीन मिलती है तो वहां भी प्लांटेशन किया जा सकता है।

**-सत्यदेव शर्मा,** डीएफओ, वन विकास निगम

# ADMISSION OPEN Best School in Bilaspur




सफलता की 33वें वर्ष की ओर अग्रसर:-

## प्रोग्रेसिव कॉन्वेंट हायर सेकेंडरी स्कूल

जरहाभाठा कुम्हारपारा बिलासपुर स्थित प्रोग्रेसिव कॉन्वेंट हायर सेकेंडरी स्कूल के प्राचार्य एम.एस. खालिद ने बताया कि हमारे इस विद्यालय की स्थापना सन 1992-93 में शिक्षा के गुणवोत्तर विकास, क्वालिटी शिक्षा, कमजोर एवं पिछड़े वर्ग के लोगों के शैक्षणिक उत्थान आदि उद्देश्यों को लेकर हुई थी। आज विद्यालय अपने इन उद्देश्यों में पूर्णतः सफल रहा है। वर्तमान में विद्यालय में नर्सरी से लेकर 12वीं तक कला विज्ञान, गणित, कॉमर्स एवं कृषि संकाय में अंग्रेजी एवं हिंदी माध्यम में अनुभवी एवं प्रशिक्षित शिक्षकों द्वारा अध्यापन कार्य कराया जाता है।

एम.एस. खालिद
प्राचार्य

**विद्यालय प्रशासन एवं शिक्षकों के फलस्वरूप प्रतिवर्ष कर रहा नए मुकाम स्थापितः-**

प्राचार्य ने बताया कि विद्यालय प्रशासन एवं शिक्षकों के निरंतर प्रयास के फलस्वरूप यह स्कूल प्रतिवर्ष नया मुकाम हासिल कर रहा है। विद्यालय के छात्रों ने शैक्षणिक, सांस्कृतिक, सामाजिक, वैज्ञानिक एवं स्पोर्ट्स के क्षेत्र में राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी ख्याति अर्जित की है। वर्ष 2025 में विद्यालय की छात्रा संध्या टेकाम ने कक्षा 10वीं बोर्ड परीक्षा में 97.17% अंक प्राप्त कर छत्तीसगढ़ में 11 वां एवं जिले व मेरिट में तीसरा स्थान प्राप्त किया है। छात्र मयंक कुमार ने 92% अंक प्राप्त किया। इस वर्ष विद्यालय के तीन छात्र संध्या टेकाम, मयंक कुमार एवं नैन्सी जांगड़े का मुख्यमंत्री ज्ञान पोत्साहन योजना के तहत स्कॉलरशिप हेतु चयन हुआ है। पूर्व छात्रा ममता कुर्रे ने बिलासपुर जिले में मेरिट लिस्ट में प्रथम स्थान प्राप्त कर स्वर्ण शारदा स्कॉलरशिप प्राप्त किया था।

**विद्यालय ने अनेक राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय उत्कृष्ट प्लेयर दिए हैः-**

प्राचार्य ने बताया कि विद्यालय ने अनेक राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय प्लेयर दिए हैं। सुब्रतो मुखर्जी कप फुटबॉल टूर्नामेंट नई दिल्ली में विद्यालय की टीम ने प्रतिनिधित्व किया। हॉकी में अमिताभ मानिकपुरी को ध्यानचंद अवॉर्ड से सम्मानित किया गया है। वहीं हॉकी में कैलाश रजक का चयन अंतरराष्ट्रीय मैच के ट्रायल टीम में किया गया था।

**विद्यालय में स्थापित इको क्लब, साइंस क्लब, सोशल एक्टिविटी क्लबः-**

विद्यालय में स्थापित इको क्लब, साइंस क्लब, सोशल एक्टिविटी क्लब ने अपनी गतिविधियों द्वारा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनाई है। पर्यावरण सुधार एवं सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ भी विद्यालय की ओर से जागरूकता अभियान चलाया गया एवं देश सहित पूरे विश्व को रैली, सेमिनार एवं वर्कशॉप के माध्यम से जागरूक कर बेहतर संदेश देता रहा है।

## S. KIDS Play School
## डे-केयर सुविधा बनी अभिभावकों की पहली पसंद




एस. किड्स प्ले स्कूल में नए शैक्षणिक सत्र के लिए प्रवेश प्रक्रिया शुरु कर दी गई है। विद्यालय प्रबंधन ने बताया कि प्ले ग्रुप, नर्सरी, केजी-1 एवं केजी-2 के साथ-साथ डे-केयर सुविधा भी उपलब्ध है, जहां 2.5 वर्ष या उससे अधिक आयु के बच्चों की देखभाल अनुभवी स्टाफ की निगरानी में की जाती है। विद्यालय में बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए योग, नृत्य, संगीत, कला एवं शिल्प जैसी रचनात्मक गतिविधियों का आयोजन नियमित रूप से किया जाता है। साथ ही स्वच्छ एवं स्वास्थ्यकर कक्षाएं, सीसीटीवी सुरक्षा व्यवस्था, बच्चों के लिए विशेष एक्टिविटी जोन तथा विभिन्न त्योहारों एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन भी किया जाता है।

**डे-केयर सुविधा बनी अभिभावकों की पहली पसंद**

कार्यरत अभिभावकों के लिए विद्यालय की डे-केयर सुविधा विशेष आकर्षण का केंद्र बनी हुई है। यहां बच्चों की सुरक्षा, देखभाल और मानसिक विकास पर विशेष ध्यान दिया जाता है, जिससे अभिभावक निश्चिंत होकर अपने कार्य कर सकें। विद्यालय में संचार कौशल, रचनात्मकता, आत्मविश्वास, नैतिक मूल्यों तथा शारीरिक एवं मानसिक विकास पर विशेष फोकस किया जाता है।

## किड्स फन क्लब में शिक्षा, स्वास्थ्य और संस्कारों का अनोखा संगम




शिक्षा के क्षेत्र में नन्हे बच्चो का बचपन न खोए इस दिशा में एक पहल निरंतर नेचर सिटी स्थित स्कूल kids fun club back to fun school कर रहा है, यहां बच्चों को उनके स्वास्थ्य और स्वाद के अनुकूल सभी को एक जैसा सुबह का नाश्ता और पढ़ाई के साथ जीवन में प्रेम व्यवहार,बड़ों का आदर सम्मान ,अपनी उपयोगिता में लायी जाने वाली वास्तु विशेष को संजोकर रखना और मोबाइल की इस दुनिया से दूर रहने के सभी जरूरी विकल्प बताना और समझाया जाता है। आज की इस जीवन व्यवस्था में व्यापक रूप से व्यस्त और कार्यरत माता पिता के बच्चों के लिये यहाँ daycare की व्यवस्था भोजन के साथ ही है। बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए daycare में ही चेस, डांस, ड्राइंग क्लास की भी समुचित व्यवस्था है।

**Blossom special kids school** जैसा कि नाम से ही ज्ञात हो रहा है कि परिसर में मानसिक रूप से दिव्य बच्चों की भी व्यवस्था है रहने, खाने और उन के लिए उनके हिसाब से थेरेपी की भी व्यवस्था है ,इन्हें इनकी योग्यता के अनुसार इनको मार्गदर्शन दिया जाता है, और हफ्ते में एक दिन इनको ग्रुप सेशन की भी व्यवस्था है.

## गौरवशाली 19वें वर्ष में लिटिल मास्टर स्कूल

बिलासपुर के शिवघाट, सरकंडा, कोनी रोड स्थित लिटिल मास्टर इंग्लिश मीडियम स्कूल में शैक्षणिक सत्र के लिए नर्सरी से कक्षा 8वीं तक प्रवेश प्रक्रिया शुरु हो गई है। विद्यालय अपने गौरवपूर्ण 19वें वर्ष में प्रवेश कर चुका है और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए क्षेत्र में अपनी विशेष पहचान बनाए हुए है।विद्यालय प्रबंधन के अनुसार विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास, अनुशासित वातावरण एवं आधुनिक शिक्षण पद्धति पर विशेष ध्यान दिया जाता है। अभिभावकों से समय रहते प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण करने की अपील की गई है।विद्यालय के चेयरमैन/डायरेक्टर प्रकाश राव भोंसले ने बताया कि नए सत्र के लिए सीमित सीटों पर प्रवेश दिए जा रहे हैं।




## नलिनी प्रभा देव प्रसाद राय महाविद्यालय में प्रवेश प्रारंभ

बिलासपुर। नलिनी प्रभा देव प्रसाद राय कला, वाणिज्य एवं विज्ञान पीजी महाविद्यालय, जोरापारा सरकंडा, बिलासपुर में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। महाविद्यालय प्रबंधन द्वारा जारी सूचना के अनुसार




स्नातक एवं स्नातकोत्तर स्तर के विभिन्न पाठ्यक्रमों में विद्यार्थियों से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं।

महाविद्यालय, अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय से संबद्ध है तथा कला, वाणिज्य, विज्ञान एवं कंप्यूटर शिक्षा के क्षेत्र में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान कर रहा है। प्रवेश के लिए बी.ए., बी.कॉम., एम.कॉम., बी.एससी. (बायो एवं मैथ्स), एम.एससी. (जूलॉजी, केमिस्ट्री, फिजिक्स, मैथ्स, बॉटनी एवं कंप्यूटर साइंस) तथा एम.ए. (समाजशास्त्र, हिंदी साहित्य, राजनीति विज्ञान, इतिहास, अर्थशास्त्र एवं अंग्रेजी) विषयों में सीटें उपलब्ध हैं। इसके अलावा रोजगारोन्मुखी एवं तकनीकी पाठ्यक्रमों के अंतर्गत पीजीडीसीए, डीसीए तथा बीसीए में भी प्रवेश की सुविधा प्रदान की जा रही है। महाविद्यालय प्रशासन का कहना है कि विद्यार्थियों को आधुनिक शिक्षण सुविधाओं, अनुभवी प्राध्यापकों तथा बेहतर शैक्षणिक वातावरण का लाभ मिलेगा।

महाविद्यालय के संचालक डी. के. राय ने बताया कि नए सत्र के लिए प्रवेश प्रक्रिया शुरू हो चुकी है और इच्छुक विद्यार्थी आवश्यक दस्तावेजों के साथ महाविद्यालय पहुंचकर अथवा निर्धारित प्रक्रिया के माध्यम से प्रवेश प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों एवं अभिभावकों से समय रहते प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण करने की अपील की है।

## सेंट पॉल्स इंग्लिश मीडियम हायर सेकेंडरी स्कूल में आधुनिक शिक्षा के साथ नैतिक मूल्यों का भी प्रशिक्षण

तिफरा स्थित सेंट पॉल्स इंग्लिश मीडियम हायर सेकेंडरी स्कूल ने शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए अपनी प्रवेश प्रक्रिया (Admission Process) का औपचारिक शुभारंभ कर




दिया है। यह विद्यालय केवल किताबी ज्ञान तक सीमित न रहकर आधुनिक युग की आवश्यकताओं के अनुरूप शिक्षा देने के लिए जाना जाता है। विद्यालय का मुख्य ध्येय विद्यार्थियों को वैश्विक स्तर की शैक्षणिक सुविधाएं प्रदान करना है। वर्तमान समय में तकनीकी ज्ञान की महत्ता को समझते हुए विद्यालय में 'स्मार्ट क्लासेस' (Smart Classes) संचालित की जाती हैं। तकनीकी सुविधाओं के साथ-साथ विद्यालय प्रबंधन छात्रों की सुरक्षा को लेकर भी बेहद गंभीर है। इसे ध्यान में रखते हुए पूरे स्कूल परिसर को सीसीटीवी (CCTV) कैमरों की निगरानी में सुरक्षित रखा गया है। इसके अलावा, स्कूल का बुनियादी ढांचा बेहद सुसज्जित है। विज्ञान के व्यावहारिक ज्ञान के लिए अत्याधुनिक प्रयोगशालाएं (Laboratories) और ज्ञान के विस्तार के लिए एक समृद्ध पुस्तकालय (Library) भी उपलब्ध है, जो बच्चों में स्वाध्याय की आदत को बढ़ावा देता है। सेंट पॉल्स स्कूल की शिक्षा प्रणाली का एक और महत्वपूर्ण स्तंभ है 'नैतिक मूल्य' (Moral Values)। प्रबंधन का मानना है कि एक बेहतर नागरिक बनने के लिए चरित्र निर्माण और नैतिक संस्कार अत्यंत आवश्यक हैं।

## भारत भारती विद्या मंदिर में मेरिट स्कॉलरशिप प्रोग्राम 2026
### आर्थिक रूप से कमजोर मेधावी छात्रों को मिलेगा लाभ




**बिलासपुर।** स्वर्गीय आशा देवी स्मृति शिक्षण समिति द्वारा संचालित भारत भारती विद्या मंदिर, इंग्लिश मीडियम स्कूल, गोदडी धाम रोड, कस्तूरबा नगर, बिलासपुर में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए मेरिट स्कॉलरशिप प्रोग्राम 2026 प्रारंभ किया गया है। संस्था का उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर एवं मेधावी विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण अंग्रेजी माध्यम शिक्षा उपलब्ध कराना है।

विद्यालय में प्री-नर्सरी से कक्षा आठवीं तक प्रवेश प्रारंभ हो चुके हैं। स्कॉलरशिप योजना के अंतर्गत पात्र विद्यार्थियों को 50 प्रतिशत तक शुल्क में छूट प्रदान की जाएगी। इसके लिए विद्यार्थियों को पिछली कक्षा में न्यूनतम 60 प्रतिशत अंक प्राप्त होना आवश्यक है अथवा विद्यालय द्वारा आयोजित ऑन-द-स्पॉट टेस्ट में सफल होना होगा। साथ ही विद्यार्थियों का अनुशासन एवं शैक्षणिक प्रदर्शन भी चयन प्रक्रिया का महत्वपूर्ण आधार रहेगा। विद्यालय प्रबंधन के अनुसार संस्थान में गतिविधि आधारित शिक्षण पद्धति अपनाई जाती है, जिसके माध्यम से विद्यार्थियों को व्यावहारिक ज्ञान एवं रचनात्मक विकास के अवसर प्रदान किए जाते हैं। यहां कंप्यूटर शिक्षा, स्पोकन इंग्लिश, व्यक्तिगत काउंसलिंग तथा विभिन्न सह-शैक्षणिक गतिविधियों की सुविधाएं उपलब्ध हैं। सुरक्षित एवं अनुशासित वातावरण के लिए विद्यालय परिसर में सीसीटीवी निगरानी व्यवस्था की गई है। विद्यार्थियों के लिए परिवहन सुविधा भी उपलब्ध है। विद्यालय का प्रयास है कि बच्चों को आधुनिक शिक्षा के साथ-साथ संस्कारयुक्त वातावरण भी प्राप्त हो। प्रवेश प्रक्रिया के अंतर्गत अभिभावकों को विद्यालय कार्यालय में जाकर आवेदन पत्र भरना होगा तथा आवश्यक दस्तावेज जमा करने होंगे। सीमित सीटों को देखते हुए विद्यालय प्रबंधन ने अभिभावकों से शीघ्र आवेदन करने की अपील की है।

संस्था की संचालिका शारदा जैसवानी ने बताया कि स्वर्गीय आशा देवी स्मृति शिक्षण समिति का मुख्य उद्देश्य समाज के प्रत्येक वर्ग तक गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पहुंचाना है। मेरिट स्कॉलरशिप प्रोग्राम के माध्यम से प्रतिभाशाली एवं जरूरतमंद विद्यार्थियों को बेहतर शिक्षा प्राप्त करने का अवसर मिलेगा, जिससे वे अपने उज्ज्वल भविष्य की मजबूत नींव रख सकेंगे।







## टैलेण्ट पब्लिक स्कूल का मुख्य उद्देश्य बच्चों में चहुमुखी विकास कराना

**बिलासपुर। चिंगराजपारा स्थित टैलेण्ट पब्लिक स्कूल के डायरेक्टर डॉ. महेश्वरी साहू ने बताया कि विद्यार्थी जीवन भावी जीवन की आधार शिला है। विद्यार्थी जीवन में बच्चों का हृदय कच्चे घड़े के समान होता है। उस पर इस जीवन में जो भी प्रभाव पड़ जाते हैं वे जीवन पर्यन्त बने रहते हैं। यही वह समय है जब विद्यार्थी अपने कोमल मन और मस्तिष्क को अंकुरित अवस्था में होने के कारण किसी भी दिशा में मोड़ सकता है। टैलेण्ट पब्लिक स्कूल का उद्देश्य भी यही है कि बालकों के सर्वांगीण विकास हेतु उसके शारीरिक मानसिक, बौद्धिक, नैतिक एवं आध्यात्मिक गुणों का चहुमुखी विकास कराना ही हमारा संकल्प है। जिससे की छात्र एक श्रेष्ठ नागरिक बन कर समाज और दुनिया में अपना और अपने माता पिता को गौरान्वित कर सके।**

**टैलेण्ट पब्लिक स्कूल की डायरेक्टर महेश्वरी साहू को शिक्षा एवं सामाजिक क्षेत्र में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए डॉक्टरेट की मानद उपाधि से सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा एवं समाजहित में किए गए उत्कृष्ट कार्यों के लिए प्रदान किया गया। श्रीमति महेश्वरी साहू के नेतृत्व में विद्यालय ने शिक्षा, अनुशासन और संस्कारों के क्षेत्र में नई ऊँचाइयाँ हासिल की हैं।**




## इंटेलिजेंट पब्लिक स्कूल में आधुनिक शिक्षा मानकों के अनुरूप अध्ययन

रतनपुर/बिलासपुर। इंटेलिजेंट पब्लिक स्कूल में नर्सरी से कक्षा 11वीं तक प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। विद्यालय प्रबंधन ने अभिभावकों से अपने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिए समय रहते प्रवेश लेने की अपील की है। विद्यालय में आधुनिक शिक्षा मानकों के अनुरूप अध्ययन व्यवस्था, अनुभवी एवं योग्य शिक्षकों का मार्गदर्शन, पुस्तकालय सुविधा, परिवहन सुविधा तथा विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास पर विशेष ध्यान दिया जाता है। स्कूल में सीबीएसई पाठ्यक्रम के साथ-साथ कमजोर विद्यार्थियों के लिए विशेष रिमेडियल कक्षाओं की भी व्यवस्था है। प्रबंधन के अनुसार प्रारंभिक प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों को प्रवेश शुल्क में विशेष छूट का लाभ भी दिया जा रहा है। विद्यालय की शाखाएं आईपीएस कॉलोनी गांधी नगर रतनपुर एवं देवनंदन नगर फेज-2, सरकंडा बिलासपुर में संचालित हैं। विद्यालय का उद्देश्य गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के माध्यम से विद्यार्थियों को बेहतर भविष्य की ओर अग्रसर करना है।



## खबर संक्षेप



### नरगोड़ा की बेटी छाया बनी मंडी उपनिरीक्षक

**सीपत।** ग्राम नरगोड़ा की बेटी छाया साहू ने छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल (व्यापमं) द्वारा आयोजित मंडी उपनिरीक्षक परीक्षा में प्रदेश स्तर पर 23वां रैंक हासिल कर न केवल अपने परिवार बल्कि पूरे क्षेत्र और जिले का गौरव बढ़ाया है। नरगोड़ा निवासी छाया साहू ने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता, निरंतर मेहनत और सकारात्मक अध्ययन वातावरण को दिया। उन्होंने बताया कि पिछले तीन वर्षों से वह सीजीपीएससी सहित विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में जुटी हुई थीं। इस दौरान उनके माता-पिता ने हर परिस्थिति में पढ़ाई को सर्वोच्च प्राथमिकता दी और उन्हें आगे बढ़ने के लिए लगातार प्रेरित किया।

### कक्षा 6वीं में प्रवेश के लिए 20 तक आवेदन

**मुंगेली।** मुख्यमंत्री अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जनजाति विद्यार्थी उत्कर्ष योजनांतर्गत प्राक्चयन परीक्षा के माध्यम से 2026-27 में कक्षा 6वीं में प्रवेश हेतु 20 जून तक आवेदन आमंत्रित किया गया है। आदिवासी विकास विभाग के सहायक आयुक्त ने बताया कि विद्यार्थी अपने स्कूल में 20 जून तक आवेदन जमा कर सकते हैं। प्राक्चयन परीक्षा का आयोजन 05 जुलाई को दोपहर 12 से 2 बजे तक किया जाएगा।

## निधन

### बीना बिसेन

**बिलासपुर।** श्रीमती बीना बिसेन पति स्व. सूर्यकरण बिसेन का 6 जून को स्वर्गवास हो गया। वे पंकज बिसेन, प्रवीण बिसेन की माता थीं। उनकी अंतिम यात्रा 7 जून की सुबह 11 बजे निज निवास मसानगंज पुलिस लाइन से मुक्तिधाम सरकंडा के लिए प्रस्थान करेगी।



### रुक्मणी सितपाल

**बिलासपुर।** आदर्श कॉलोनी गुरुद्वारा के सामने रहने वाली सुश्री रुक्मणी सितपाल का 6 जून को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार संत कंवरराम श्मशान गृह, मधुबन मुक्तिधाम, दयालबंद में किया गया। वे थावरदास, कन्हैयालाल एवं बिट्टू सितपाल की बहन एवं प्रेमचंद गंगवानी की मौसेरी बहन थीं।



### संतोष श्रीवास

**बिलासपुर।** सिरगिट्टी महिमा नगर निवासी संतोष श्रीवास (कुवां बोड़सरा वाले) का 50 वर्ष की आयु में 6 जून को निधन हो गया। जिनका अंतिम संस्कार 7 जून को सुबह 9 बजे सिरगिट्टी स्थित मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे शुभम, सुमित श्रीवास के पिता थे।



### बृहस्पति बाई प्रजापति

**मस्तूरी।** श्रीमती बृहस्पति बाई प्रजापति का 48 वर्ष की आयु में 6 जून शनिवार को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। वे महेत्तर प्रजापति (भोलवा) की पत्नी एवं गौतम, ओंकार, रामचंद्र प्रजापति की मां थीं।



## कोदवा महंत में 61 करोड़ के विभिन्न विकास कार्यों की स्वीकृति

# जनकल्याण और विकास के लिए निरंतर कार्य कर रही है प्रदेश की सरकार: साव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ लोरमी

ग्राम कोदवामहंत में आयोजित समाधान शिविर में उपमुख्यमंत्री अरुण साव शामिल हुए। उन्होंने ग्रामीणों से संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं। उपमुख्यमंत्री श्री साव ने विभिन्न स्टॉलों का अवलोकन किया और आमजनों को योजनाओं की जानकारी प्रदान करने के निर्देश दिए। उन्होंने महिला एवं बाल विकास विभाग के स्टॉल में बच्चों को अन्नप्राशन एवं गोदभराई कराते हुए उनके स्वस्थ एवं उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उपमुख्यमंत्री श्री साव ने कहा कि सुशासन तिहार केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि जनता की समस्याओं के समाधान और शासन की योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का अभियान है। छत्तीसगढ़ सरकार मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में जनकल्याण और विकास के लिए निरंतर कार्य कर रही है। सभी आवेदनों का प्राथमिकता के आधार पर निराकरण सुनिश्चित किया जा रहा है। उन्होंने



सुशासन शिविर में शामिल डिप्टी सीएम अरुण साव।

कहा कि प्रदेश में सड़क, स्वास्थ्य, शिक्षा और आधारभूत सुविधाओं के क्षेत्र में तेजी से विकास कार्य किए जा रहे हैं। आज प्रदेश में विकास की गति चारों ओर दिखाई दे रही है। गांव-गांव में सड़क, पुल-पुलिया, आवास और मूलभूत सुविधाओं के निर्माण कार्य तेजी से संचालित हैं। हमारी सरकार अपनी सभी गारंटियों को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध है।

उपमुख्यमंत्री श्री साव ने कहा कि प्रदेश के विकास के लिए लोक निर्माण विभाग के अंतर्गत लगभग 67 करोड़ रुपये के सड़क, पुल एवं पुलिया निर्माण कार्य स्वीकृत किए गए हैं। ग्राम कोदवामहंत में 61 करोड़ रुपये के विभिन्न विकास कार्यों की स्वीकृति दी गई है। इसके अलावा सीसी रोड एवं पुलिया निर्माण के लिए भी राशि स्वीकृत की गई है, जिससे ग्रामीणों को बेहतर आवागमन सुविधा मिलेगी। शासन-प्रशासन जनहित की योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र हितग्राही तक पहुंचाने के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रहा है। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री श्री साव ने ग्राम कोदवामहंत में विद्युत सब स्टेशन की घोषणा कर उन्होंने बिठलदह में अटल डिजिटल सुविधा केन्द्र के लिए 5 लाख रूपए, ग्राम ढोलगी में पंचायत भवन निर्माण के लिए 20 लाख रूपए और ग्राम झझपुरीकला में उप स्वास्थ्य केन्द्र के लिए 28.51 लाख रूपए की स्वीकृति प्रदान की। कार्यक्रम का संचालन पंचायत निरीक्षक रामकुमार पात्रे ने किया। इस दौरान जनपद पंचायत अध्यक्ष वर्षा विक्रम विक्रम सिंह, जिला पंचायत सदस्य अनीता कोमल साहू, एसडीएम अजीत पुजारी, गुरमीत सलूजा, दिनेश साहू, प्रदीप मिश्रा, महाजन जायसवाल, नगरपालिका अध्यक्ष सुजीत वर्मा, विक्रम सिंह, मंडल अध्यक्ष दिनेश कश्यप, लेखराज सिंह, राजेंद्र साहू, सुशील यादव, संतोष साहू, वीरेंद्र गुप्ता, जीवन साहू, तामेश्वर साहू, जनपद सीईओ सुरेश कवंर, बीएमओ डॉ जीएस दाऊ सहित संबंधित अधिकारी और बड़ी संख्या में आमजन शामिल हुए।



## गौरेला में लगा जन समस्या निवारण शिविर, विधायक कलेक्टर हुए शामिल

**गौरेला।** नगर पालिका परिषद के सामुदायिक भवन में जन समस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विधायक प्रणव कुमार मरपची, कलेक्टर डॉ. संतोष कुमार देवांगन, नगर पालिका परिषद गौरेला के अध्यक्ष मुकेश दुबे एवं उपाध्यक्ष रोशनी तापस शर्मा, सभी पार्षदगण, गणमान्य नागरिक एवं बड़ी संख्या में नगर वासी उपस्थित रहे। शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्रदान की गई तथा नागरिकों की समस्याओं एवं मांगों का निराकरण किया गया।

विधायक प्रणव कुमार मरपची, कलेक्टर डॉ. संतोष कुमार देवांगन एवं अन्य जनप्रतिनिधियों द्वारा गर्भवती महिलाओं की गोद भराई तथा शिशुओं का अन्नप्राशन संस्कार संपन्न कराया गया। साथ ही विभिन्न शासकीय योजनाओं के अंतर्गत पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया। हितग्राहियों को भवन अनुज्ञा पत्र, आयुष्मान कार्ड, चश्मा, नोनी सुरक्षा एवं सुकन्या समृद्धि योजना के तहत प्रमाण पत्र आदि वितरित किए गए। कार्यक्रम के अंत में कलेक्टर डॉ. संतोष कुमार देवांगन ने उपस्थित जनसमुदाय को बाल विवाह मुक्त छत्तीसगढ़ तथा बाल विवाह मुक्त जीपीएम जिला बनाने की शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि समाज की सक्रिय भागीदारी से ही बच्चों के सुरक्षित, स्वस्थ और उज्जवल भविष्य का निर्माण संभव है। शिविर में नागरिकों ने शासन द्वारा प्रदान की जा रही सेवाओं एवं योजनाओं की जानकारी प्राप्त कर लाभ उठाया तथा सुशासन तिहार की इस पहल की सराहना की।

## पथरिया के पुछेली में लगा शिविर

# जनसमस्याओं का समयबद्ध निराकरण करना ही सुशासन: मोहले





**पथरिया।** विकासखंड पथरिया के ग्राम पुछेली में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई तथा पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ लेने के लिए प्रेरित किया गया।

बड़ी संख्या में ग्रामीणजन शिविर में शामिल हुए और अपनी मांगों एवं समस्याओं से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किए। शिविर में पात्र हितग्राहियों के लर्निंग लाइसेंस भी तत्काल बनाए गए। पुछेली क्लस्टर अंतर्गत मांग एवं शिकायत से संबंधित कुल 1 हजार 100 से अधिक आवेदन प्राप्त हुए, जिनका नियमानुसार निराकरण किया जा रहा है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित विधायक पुन्नूलाल मोहले ने विभागवार आवेदनों के निराकरण की स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि जनसमस्याओं का समयबद्ध समाधान ही सुशासन की पहचान है। शासन द्वारा पानी, बिजली, सड़क, नाली जैसी मूलभूत सुविधाओं के साथ विभिन्न जनहितकारी योजनाओं का लाभ आमजनों तक पहुंचाया जा रहा है।

जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीकांत पाण्डेय ने कहा कि समाधान शिविर शासन और जनता के बीच विश्वास का मजबूत माध्यम बन रहे हैं। उन्होंने कहा कि सभी आवेदनों का नियमानुसार निराकरण सुनिश्चित किया जाएगा और कोई भी पात्र हितग्राही योजनाओं के लाभ से वंचित नहीं रहेगा। शिविर में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर शिविर में 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत वृक्षारोपण कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। विधायक मोहले, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीकांत पाण्डेय, जनपद पंचायत मुंगेली की उपाध्यक्ष पदमनी मोहले सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि, अपर कलेक्टर जीएल यादव, पथरिया एसडीएम रेखा चंद्रा सहित अधिकारियों ने आम, जामुन आदि के पौधे रोपित कर पर्यावरण संरक्षण एवं संवर्धन का संदेश दिया।

## सुशासन शिविर में कांग्रेस का हंगामा, पुलिस के साथ धक्का-मुक्की

**बिलासपुर।** नगर निगम प्रशासन द्वारा सिरगिट्टी में आयोजित 'सुशासन तिहार' कार्यक्रम के दौरान शनिवार को उस वक्त हंगामा खड़ा हो गया, जब ब्लॉक कांग्रेस कमेटी तिफरा-सिरगिट्टी के कार्यकर्ताओं ने सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया।

सुशासन के दावों को खोखला बताते हुए कांग्रेसियों ने न केवल शिविर का पुरजोर विरोध किया, बल्कि मंच पर चढ़कर नारेबाजी भी शुरू कर दी। इस दौरान माहौल बेहद तनावपूर्ण हो गया और पुलिस को प्रदर्शनकारियों को हटाने के लिए भारी मशक्कत करनी पड़ी।

शिविर में जब स्थानीय लोग अपनी समस्याओं को लेकर आवेदन दे रहे थे, तभी ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष लक्ष्मीनाथ साहू एवं सिरगिट्टी मंडल अध्यक्ष अजय मनहरे के नेतृत्व में कांग्रेसी कार्यकर्ता वहां पहुंचे। कांग्रेसियों द्वारा मंच पर चढ़कर विरोध जताने से वहां मौजूद स्थानीय भाजपा नेता और कार्यकर्ता



शिविर में जानकारी लेते कांग्रेस नेता।

नाराज हो गए। देखते ही देखते दोनों पक्षों के बीच तीखी बहस और विवाद की स्थिति निर्मित हो गई। माहौल बिगड़ता देख मौके पर तैनात पुलिस बल ने मोर्चा संभाला। प्रदर्शनकारी कांग्रेसियों को शिविर स्थल से बाहर निकालने के दौरान पुलिस और कार्यकर्ताओं के बीच जमकर धक्का-मुक्की और तीखी नोकझोंक हुई। प्रदर्शन में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी तिफरा के अध्यक्ष लक्ष्मीनाथ साहू, सिरगिट्टी मंडल कांग्रेस अध्यक्ष अजय मनहरे के साथ पार्षद पुष्पेंद्र साहू, पवन साहू, महेश ठाकुर, सुनील पांडेय, नागेश ध्रुव, बंटी सोनी, अरुण नथानी, गोविंद यादव, रामू राव, संजीव पाल, सचिन भवानी, अक्षय नवरंग, वेद रात्रे, अरविंद ओझा, रवींद्र डाहरे, गोविंद मानिकपुरी, लक्ष्मण ध्रुव, विनोद साहू सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसी कार्यकर्ता उपस्थित थे।



## मोटिवेशनल शिविर की सफलता के लिए समाज के लोगों से मिले आयोजक

**तखतपुर।** राजधानी रायपुर में 12 जुलाई को युवाओं के लिए मोटिवेशनल शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर में नवविवाहित दंपतियों के साथ ऐसे युवा जो वैवाहिक उम्र के करीब हैं उन्हें मोटिवेट किया जाएगा।

उक्त शिविर की तैयारियों को लेकर संयोजक सुंदर बजाज, प्रमुख सलाहाकार अनेश बजाज, प्रदेश अध्यक्ष राजा बजाज, प्रदेश महासचिव अमर बजाज ने नगर के सिंधी समाज के प्रमुखों से भेंट की। उन्होंने बताया कि रायपुर में बजाज परिवार द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ प्रदेश के प्रत्येक पंचायत के युवाओं, युवतियों वैवाहिक दंपती और समाज प्रमुखों को आमंत्रित किया गया है। प्रत्येक समाज के अध्यक्ष और पदाधिकारी भी शामिल होंगे। पूज्य सिंधी पंचायत तखतपुर के अध्यक्ष मुरली गागवानी ने कहा कि समाज के लिए यह प्रयास अनुकरणीय है। इस अवसर पर सुरेश मंदानी, राकेश मंदानी, मुरली रमानी, टेकचंद कारड़ा उपस्थित रहे। तखतपुर समाज के सदस्यों का रायपुर से आए पदाधिकारियों ने सम्मानित किया।

## भीषण गर्मी में सूखा बेलपान का नर्मदा कुंड

**तखतपुर।** क्षेत्र में लगातार पड़ रही भीषण गर्मी और वर्षा की कमी के कारण बेलपान स्थित प्रसिद्ध नर्मदा कुंड सूख गया है। वर्ष भर जल से भरा रहने वाला यह कुंड अब जलविहीन नजर आ रहा है, जिससे स्थानीय ग्रामीणों और श्रद्धालुओं में चिंता का माहौल है।

ग्रामीणों के अनुसार नर्मदा कुंड क्षेत्र की आस्था का प्रमुख केंद्र होने के साथ-साथ आसपास के लोगों के लिए जल का महत्वपूर्ण स्रोत भी रहा है। गर्मी के बढ़ते प्रकोप के कारण जलस्तर लगातार घटता गया और अब कुंड सूख गया है। कुंड के सूखने से यहां आने वाले श्रद्धालुओं को भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। लोगों का कहना है कि यदि शीघ्र वर्षा नहीं हुई तो स्थिति और गंभीर हो सकती है। ग्रामीणों का मानना है कि जल स्रोतों के संरक्षण और वर्षा जल संचयन की दिशा में ठोस प्रयास किए जाने चाहिए, ताकि भविष्य में ऐसी स्थिति उत्पन्न न हो। सभी ने नर्मदा कुंड के सूखने को चिंता का विषय बताते हुए जल



संरक्षण के प्रति जनजागरण की आवश्यकता पर बल दिया है। कहना है कि प्राकृतिक जल स्रोतों का संरक्षण केवल प्रशासन की ही नहीं, बल्कि समाज की भी सामूहिक जिम्मेदारी है। अब मानसून पर टिकी हैं और सभी को उम्मीद है कि जल्द ही अच्छी वर्षा होने से नर्मदा कुंड पुनः जल से भर जाएगा।

---

**न्यायालय तहसीलदार, बिलासपुर (छ.ग.)**
**// ईश्तहार //**

क्रमांक/क/ तह./वा./2026
बिलासपुर दिनांक 22/05/2026
रा.प्र.क्र./अ-6(अ)/2025-26
ग्राम-जूनाबिलासपुर, प.ह.नं. 36

ग्राम जूनाबिलासपुर के सर्व साधारण जनता को सूचित किया जाता है कि मौजा-जूनाबिलासपुर, प.ह.न. 36 तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.) स्थित भूमि ख.नं. 791/2 रकबा 0.0200 हेक्टेयर भूमि का छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 115 के तहत अभिलेख दुरूस्ती के लिए आवेदक श्री मनोज कुमार मिश्रा पिता स्व. विष्णु कुमार मिश्रा. निवासी डीपूपारा चौक तारबहार बिलासपुर तहसील बिलासपुर जिला बिलासपुर (छ.ग.) द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

यदि किसी व्यक्ति/संस्था को किसी प्रकार की आपत्ति/दावा हो तो मेरे न्यायालय में दिनाँक 10/6/2026 को प्रातः 11.00 स्वयं अथवा अपने प्राधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति/ दावा प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि पश्चात प्राप्त आपत्ति/दावा स्वीकार नहीं किये जावेगे।

आज दिनाँक 22/5/2026 को मेरे पदमुद्रा एवं हस्ताक्षर से जारी।

**तहसीलदार,**
**बिलासपुर (छ.ग.)**

---

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल बोदरी तहसील बोदरी जिला बिलासपुर (छ.ग.)**
**सीमांकन / मौका जांच के समय उपस्थित होने हेतु सूचना पत्र**

प्रति,
आवेदक/आवेदिका राजेन्द्र कुमार पिता उपेन्द्र कुमार कोरबा।
आवेदक के बताये अनुसार समीपी भूस्वामी (1) धनेश सिंह (2) इंद्रजीत सिंह साहू (3) अन्य हितबद्ध सरहदी भूमिस्वामी (4) ग्राम कोटवार।
विषय:-सीमांकन / मौका जांच के समय उपस्थित होने हेतु सूचना के संबंध में।
संदर्भ:न्याया.ना.तह. बोदरी के ज्ञापन क्रमांक/क/ना.तह./वा/2026 बोदरी दिनांक 11/05/26

उपरोक्त विषयांतर्गत आवेदक /आवेदिका राजेन्द्र कुमार पिता/पति उपेन्द्र कुमार जाति सामान्य निवासी कोरबा द्वारा आवेदित भूमि ग्राम धमनी प.ह.नं. 07-रा.नि.मं. व तहसील बोदरी जिला-बिलासपुर स्थित भूमि खसरा नं. 6/18, रकबा 0.040 एकड़ के संबंध में प्रस्तुत आवेदन पर/सीमांकन किये हेतु न्याया.नाय. तहसीलदार बोदरी में छ.ग.भू.रा.सं. की धारा 129 के तहत आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

संदर्भित पत्र के परिपालन में आवेदित भूमि का सीमांकन/मौका जांच दिनांक 11/06/26 को 11.00 से 2.00 बजे को किया जाना है। अतः आप उक्त समय पर अपने समस्त कागजात के साथ मौके पर उपस्थित रहें। उक्त समय पश्चात की गई आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

टीप:-उपरोक्त सीमांकन/मौका जांच अपरिहार्य कारणों से तिथि में बदलाव किया जा सकता है।

**रा.नि.मं. बोदरी, तहसील बोदरी**
**जिला बिलासपुर (छ.ग.)**

---

**न्यायालय तहसीलदार लालपुर थाना जिला-मुंगेली (छ.ग.)**
**//ईश्तहार//**
(समाचार पत्र में प्रकाशन हेतु)

रा.प्र.क्र.......................ब-121/2026
क्रमांक/487/वाचक/तह./2026 लालपुर थाना दिनांक 25.5.26

सर्वसाधारण/आम जनता ग्राम दादनकापा को सूचित किया जाता है कि आवेदक मालिकराम पति/पिता श्री तुलसी जाति गोड़ साकिन दादनकापा तहसील लालपुर थाना जिला-मुंगेली (छ.ग.) के द्वारा आवेदन पत्र पेश किया गया है कि आवेदक के पिता/माता/ पुत्री/पुत्र/ दादा/दादी/ भाई/ बहन रैती बाई आ. श्री तुलसीराम के मृत्यु दिनांक 03.9.2002 ग्राम दादनकापा को हो जाने के कारण मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने हेतु इस न्यायालय से आदेश हेतु आवेदन पत्र पेश किया गया है।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी को भी किसी प्रकार का कोई दावा/आपत्ति हो तो न्यायालय में दिनांक 08.6.26 समय प्रातः 11:00 बजे दिन को स्वयं/अपने प्राधिकृत के माध्यम से दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत समयावधि के पश्चात प्रस्तुत दावा/आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 25/05/26 को मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से जारी किया गया है।

**कार्यपालिक दण्डाधिकारी**
**लालपुर थाना, जिला-मुंगेली (छ.ग.)**

---

**न्यायालय तहसीलदार सकरी, जिला बिलासपुर (छ.ग.)**
**ईश्तहार**

मा.क्र.अ-6 / 2025-26,
ग्राम पेण्डारी, तहसील सकरी

एतद् द्वारा सर्व साधारण आम जनता ग्राम पेण्डारी प.ह.न. 47 तहसील सकरी, जिला बिलासपुर को सूचित किया जाता है आवेदक पक्षकार 01 संतोष सिंह क्षत्री पिता स्व. गोर्वधन सिंह क्षत्री 02 सुनील सिंह राजपूत पिता स्व. शत्रुहन सिंह, 03 श्रीमती संगीता राजपूत जाति राजपूत, निवासी झलियापुर तहसील व जिला मुंगेली छ.ग. के द्वारा लेख किया गया है कि ग्राम पेण्डारी प.ह.नं. 47 रा.नि.मं. पेण्डारी तहसील सकरी जिला बिलासपुर छ.ग. स्थित भूमि खसरा नम्बर 526/1, 526/2, रकबा 0.2920, 0.304 हे. भूमि पक्षकार 01 के नाम पर दर्ज है। खसरा नंबर 425, 525/2 रकबा 0.1580, 0.2840 हे. भूमि सुनील सिंह राजपुत के नाम पर दर्ज है तथा खसरा नंबर 520, 521, 522, 523 रकबा क्रमशः 0.1290, 0.0240, 0.0280, 0.1420 हे. भूमि श्रीमती संगीता राजपूत के नाम पर स्थित है। यह कि उपरोक्त भूमियों को पक्षकार क्र. 01 के तीनों भूमि स्वामियों के द्वारा पक्षकार क्र.02 मेसर्स महामाया डेवलपर्स एण्ड बिल्डरर्स द्वारा पार्टनर संतोष सिंह राजपूत पिता स्व. श्री गोवर्धन सिंह क्षत्री, सुनील सिंह राजपूत पिता शत्रुहन सिंह, श्रीमती संगीता राजपूत पिता सुनील सिंह राजपूत के नाम पर बिल्डर प्रमोटर एण्ड डेव्हलपर्स एग्रीमेंट का पंजीयन दिनांक 18.05.2026 को पंजीयन कराया गया। उपरोक्त पंजीयन के आधार पर पक्षकार क्र. 01 के तीनो भूमिस्वामीयों का भूमि को पक्षकार क्र. 02 मेसर्स महामाया डेवलपर्स एण्ड बिल्डरर्स के नाम पर नामांतरण करने हेतु इस न्यायालय में आवेदन प्रस्तुत किया गया है। इस संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति दावा हो तो अपना आपत्ति दावा दिनांक 22.06.2026 तक इस न्यायालय में पेश कर सकते है। इसके बाद में आने वाले आपत्ति दावों पर विचार नहीं किया जायेगा। आज दिनांक 22.05.2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा अंकित कर जारी किया गया।

**तहसीलदार सकरी**

---

**नाम परिवर्तन**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मै Reena Madhukar W/O Sanjay Singh निवासी 36/492 Ward No. 36, Near Old Pump House, Vivekanand Nagar, Torwa Bilaspur (C.G.) यह सपथ करता हूँ कि मैने अपना यह पुराना नाम को त्यागकर नया नाम Reena Singh रख लिया है।

अतः आज से मुझे समस्त शासकीय, अर्धशासकीय व अन्य दस्तावेजोंमे मेरेनये नाम Reena Singh W/O Sanjay Singh से ही जाना पहचाना जावे।

तोरवा बिलासपुर (छ.ग.)

---

**नाम परिवर्तन**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मै Sanket Madhukar S/O Sanjay Singh, M/O Reena Singh निवासी 36/492 Ward No. 36, Near Old Pump House, Vivekanand Nagar, Torwa Bilaspur (C.G.) यह सपथ करता हूँ कि मैने अपना पिता एवं माताजी का पुराना नाम को त्यागकर नया नाम Sanjay Madhukar एवं reena Madhukar रख लिया है।

अतः आज से मुझे समस्त शासकीय, अर्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों मेरे नये नाम Sanket Madhukar S/O Sanjay Madhukar M/Oreena Madhukar से ही जाना पहचाना जावे।

तोरवा बिलासपुर (छ.ग.)

---

**न्यायालय तहसीलदार बिलासपुर, जिला-बिलासपुर (छ.ग.)**
**ईश्तहार**

क्रमांक Q/तह./वा. 2026
दिनांक 18/05/26 बिलासपुर,
ग्राम जूना बिलासपुर

एतद् द्वारा सर्व साधारण आम जनता ग्राम जूना बिलासपुर प.ह.नं.-36, रा.नि.मं. बिलासपुर तहसील व बिलासपुर (छ.ग.) को सूचित किया जाता है कि आवेदक जाकिर अली कुरैशी पिता मोहम्मद युसुफ कुरैशी निवासी तारबाहर तहसील व जिला- बिलासपुर (छ.ग.) के द्वारा अपने पुत्र के लिए जाकिर अली कुरैशी पिता मोहम्मद युसुफ कुरैशी जन्म दिनांक 15/07/1967 का प्रमाण पत्र जारी किये जाने का आवेदन प्रस्तुत किया है।

अत: जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को आपत्ति हो तो वे स्वतः या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर सुनवाई दिनांक 08/06/26 को दावा आपत्ति पेश कर सकता है। सुनवाई तारीख के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 18/05/26 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर से जारी किया गया।

**तहसीलदार**
**बिलासपुर (छ.ग.)**

---

**न्यायालय तहसीलदार बिलासपुर, जिला-बिलासपुर (छ.ग.)**
**ईश्तहार**

क्रमांक Q/तह./वा. 2026
दिनांक 18/05/26 बिलासपुर,
ग्राम जूना बिलासपुर

एतद् द्वारा सर्व साधारण आम जनता ग्राम जूना बिलासपुर प.ह.नं.- 36, रा.नि.मं. बिलासपुर तहसील व बिलासपुर (छ.ग.) को सूचित किया जाता है कि आवेदक मोहम्मद ज़ुबैर निवासी कुरैशी पिता मोहम्मद कासिम कुरैशी निवासी जूना बिलासपुर तहसील व जिला-बिलासपुर (छ.ग.) के द्वारा अपने पुत्र के लिए मोहम्मद ज़ुबैर निवासी कुरैशी पिता मोहम्मद कासिम कुरैशी जन्म दिनांक 12/08/1977 का प्रमाण पत्र जारी किये जाने का आवेदन प्रस्तुत किया है।

अत: जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को आपत्ति हो तो वे स्वतः या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर सुनवाई दिनांक 08/06/26 को दावा आपत्ति पेश कर सकता है। सुनवाई तारीख के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 18/05/26 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर से जारी किया गया।

**तहसीलदार**
**बिलासपुर (छ.ग.)**

---

**आम सूचना**

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा दीनदयाल आवास योजना मंगला बिलासपुर में निर्मित भवन क्रमांक एल.आई.जी 1017 आबंटी श्रीमती राधा बाई देवांगन, पति श्री स्व. रामकुमार देवांगन को आबंटित है। भवन का विक्रय विलेख दिनांक 08.07.2015 को पंजीकृत किया गया है। आबंटी अपने उक्त भवन को क्रेता श्रीमती नूतन कुमारी पति श्री चंदन कुमार सिंह, को विक्रय करना चाहते है। विक्रय अनुमति हेतु इस कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

किसी भी व्यक्ति/शासकीय/अर्द्धशासकीय/वित्तीय संस्था/बैंक इत्यादि को उक्त भवन के विक्रय के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस कार्यालय में लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिन के अंदर आपत्ति प्रस्तुत करें। बाद में आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी।

**संपदा अधिकारी**
**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र बिलासपुर (छ.ग.)**

---

**कार्यालय प.ह.नं. 39, रा.नि.मं.-अमसेना, तह. सकरी, जिला बिलासपुर (छ.ग.)**
**सूचना पत्र**

प्रति,
1. हीरालाल पिता हरीराम 2.राखी अग्रवाल पिता/पति सुरेश अग्रवाल 3. शचीन्द्र पिता विष्णुकांत 4. विकास रजक पिता बिहारी वगै. 5. राजकुमार पिता छेदीराम यादव 6. गोपाल पिता राजकुमार यादव वगैरह।
विषय: सीमांकन/बंटवारा फर्द/नक्शा बटांकन में उपस्थित रहने बाबत।

आपको सूचित किया जाता है कि आवेदक/आवेदिका हीरालाल पिता हरीराम निवासी ग्राम उडेला ने ग्राम उडेला में स्थित भूमि खसरा नं. 267 रकबा 0.085 हे. भूमि का सीमांकन/बंटवारा/नक्शा बटांकन करने हेतु आपके न्यायालय में आवेदन पत्र पेश किया जिसके परिपालन में आपके आदेशानुसार आवेदक/ आवेदिका एवं सरहदी कृषकों सूचना पत्र दिनांक 08/06/26 को दोपहर 2.00 बजे मौके पर उपस्थित रहने हेतु जारी किया गया।

अनुपस्थित रहने की दशा में आप सभी स्वयं जिम्मेदार होंगे। आवश्यकतानुसार परिवर्तन रहेगा।

अत: सूचना जानें।

**केशव कुमार साहू**
**प.ह.नं. 34+39**
**तहसील- सकरी**

---

**नाम परिवर्तन**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मै Sanjay Madhukar S/O Tasak Singh निवासी 36/492 Ward No. 36, Near Old Pump House, Vivekanand Nagar, Torwa Bilaspur (C.G.) यह सपथ करता हूँ कि मैने अपना यह पुराना नाम को त्यागकर नया नाम Sanjay Singh रख लिया है।

अतः आज से मुझे समस्त शासकीय, अर्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों मे मेरेनये नाम Sanjay Singh S/O Tasak Singh से ही जाना पहचाना जावे।

तोरवा बिलासपुर (छ.ग.)

---



## खबर संक्षेप

### एसएसपी सिंह ने ली थाना प्रभारी विवेचकों की बैठक



**बिलासपुर।** एसएसपी रजनेश सिंह के दिशा निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यातायात रामगोपाल करियारे के पर्यवेक्षण में यातायात पुलिस द्वारा लगातार सरल, सुगम, सुव्यवस्थित एवं सुचारू आवागमन के लिए विभिन्न प्रयास किया जा रहे हैं साथ ही सड़क दुर्घटनाओं की स्थिति ही निर्मित ना हो इसके लिए लगातार जन जागरूकता के माध्यम से चेतना विकसित की जा रही है। इसी क्रम में 6 जून को एसएसपी रजनेश सिंह की उपस्थिति में यातायात समस्त टेंगों तथा समस्त थाना के विवेचकों की विशेष बैठक आयोजित की गई। जिसमें पीओएस मशीन में अद्यतन डिजिटल अपडेट की जानकारी उन्हें प्रदान की गई। इस दौरान शासन के द्वारा संचालित चालानी कार्रवाई के लिए अन्य तकनीकी संसाधनों आई टी एम एस, नेक्स्ट जेन एम परिवहन, पीओएस मशीन, बॉडी वार्न कैमेरा आदि के संबंध में भी जानकारियां प्रदान की गई। यातायात पुलिस द्वारा नियमित रूप से शराब सेवन कर वाहन चालन, तेजी एवं लापरवाही पूर्वक वाहन चालन, तय सीमा से अधिक गति से वाहन चालन, मोबाइल फोन का उपयोग करते हुए वाहन चालन, बिना हेलमेट एवं सीट बेल्ट के वाहन चालन, माल वाहक यान में यात्री सवारी बैठाकर असुरक्षित तरीके से वाहन चालन, विपरीत लेन एवं विपरीत दिशा में वाहन चालन, सिग्नल जम्पिंग, नो-पार्किंग, मॉडिफाइड साइलेंसर, नो एंट्री आदि यातायात उल्लंघन पर बहुत ही सख्ती एवं कड़ाई के साथ कार्रवाई की जा रही है। एसएसपी श्री सिंह ने कहा कि आम नागरिक एवं वाहन चालकों से यातायात पुलिस की विशेष अपील है कि सड़कों पर चलते हुए सदैव यातायात सुरक्षा मापदंडों का पालन करें तथा हेलमेट एवं सीट बेल्ट अवश्य लगाए। नशे एवं शराब सेवन कर वाहन कभी भी ना चलाए, सदैव सड़कों पर चलते हुए अपने ही लेन में चलें, तय गति सीमा का पालन करें।

### कोचिंग डिपो में विकसित किया गया अमृत लिक्विड ट्री



**बिलासपुर।** कोचिंग डिपो बिलासपुर में वायु प्रदूषण नियंत्रण एवं पर्यावरण संरक्षण के लिए विकसित अमृत नामक अभिनव लिक्विड ट्री मॉडल का प्रदर्शन जोन के महाप्रबंधक तरूण प्रकाश के समक्ष किया गया। माइक्रोएल्गी आधारित यह प्रणाली प्रकाश संश्लेषण की प्राकृतिक प्रक्रिया के माध्यम से प्रदूषित वायु से उपस्थित कार्बन डाइऑक्साइड को अवशोषित कर ऑक्सीजन उत्सर्जित करती है, जिससे वायु गुणवत्ता में सुधार होता है। इस मॉडल में माइक्रोएल्गी युक्त जल, एयर सेंसर, इंडयूस्ड फैन एवं स्पार्जर का उपयोग किया गया है। कोचिंग के मंडल यांत्रिक इंजीनियर पीयूष प्रताप सिंह ने बताया कि यह प्रणाली सीमित स्थान वाले शहरी क्षेत्रों, रेलवे स्टेश, बस टर्मिनलों एवं अन्य भीड़भाड़ वाले स्थानों पर वायु प्रदूषण नियंत्रण हेतु एक प्रभावी एवं टिकाऊ विकल्प सिद्ध हो सकती है। महाप्रबंधक तरूण प्रकाश ने इस नवाचार को पर्यावरण संरक्षण एवं हरित रेलवे की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल बताया।

### लोगों को बंद फाटक पार नहीं करने दी जा रही समझाइश



**बिलासपुर।** संरक्षा विभाग के नेतृत्व में अंतरराष्ट्रीय समपार जागरूकता अभियान के तहत लोगों को बंद फाटक पार नहीं करने की समझाइश दी जा रही है। यह अभियान 6 से 12 जून तक मंडल के विभिन्न समपार फाटकों, रेलवे स्टेशन, संवेदनशील रेलखंडों में संचालित किया जा रहा है। अभियान के पहले दिन मंडल के समपार फाटक पर संरक्षा कर्मियों, रेलवे अधिकारियों व कर्मचारियों ने वाहन चालकों, बाइक सवारों, स्कूल के विद्यार्थियों एवं स्थानीय नागरिकों से सीधा संवाद कर उन्हें समपार सुरक्षा के प्रति जागरूक किया। इस दौरान पंपलेट वितरण, सुरक्षा परामर्श एवं जनसंपर्क कार्यक्रम के माध्यम से लोगों को संदेश दिया गया कि कुछ क्षण के लिए जल्दबाजी जीवन भर का नुकसान बन सकती है।

### कर्मचारी संघ मुख्यमंत्री और मुख्य सचिव के नाम सौंपेगा ज्ञापन 10 को

**बिलासपुर।** केंद्र के समान देय तिथि से महंगाई भत्ते सहित 6 सूत्रीय मांगों को लेकर छत्तीसगढ़ प्रदेश तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ के बेनर तले सम्बध्द व सहयोगी संगठनों द्वारा मुख्यमंत्री एवं मुख्य सचिव के नाम भोजनावकाश में कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा जाएगा। संघ के प्रदेश अध्यक्ष पवन कुमार शर्मा एवं जिला अध्यक्ष किशोर कुमार शर्मा ने बताया कि प्रदेश कार्यकारिणी द्वारा लिए गए निर्णय के परिपालन में केंद्र सरकार द्वारा जनवरी 2026 से महंगाई भत्ता की घोषणा करने के बाद राज्य शासन द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कंपनी, न्यायिक अधिकारी तथा भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों को महंगाई भत्ता केंद्र के अनुरूप स्वीकृत किया गया है लेकिन राज्य शासन के कर्मचारियों के लिए महंगाई भत्ते की घोषणा छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा नहीं किए जाने से कर्मचारियों में तीव्र आक्रोश एवं निराशा व्याप्त है। संघ द्वारा 10 जून के ज्ञापन में विधानसभा के बजट सत्र में वित्त मंत्री द्वारा कर्मचारियों एवं अधिकारियों के लिए कैशलेस के सुविधा की घोषणा की गई है, किंतु अभी तक नियम निर्देश जारी नहीं किए गए, केंद्रीय कर्मचारियों एवं विभाजित मध्य प्रदेश के कर्मचारियों की भर्ती सेवानिवृत्ति पर छत्तीसगढ़ के कर्मचारियों को 240 दिन के स्थान पर 300 दोनों का अवकाश नकदीकरण, संविदा, दैनिक, अनियमित कर्मचारियों को रिक्त पदों पर नियमित किए जाने तथा मध्य प्रदेश की भांति सेवा सुरक्षा सुनिश्चित किए जाने, प्रथम नियुक्ति तिथि से सेवा गणना करते हुए शिक्षक एवं एल बी संवर्ग को समस्त सेवाकाल का लाभ दिए जाने तथा प्रदेश में अनुकंपा नियुक्ति की 10% सीलिंग समाप्त करते हुए अनुकंपा नियुक्ति के सभी पदों पर नियुक्ति किए जाने की मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा जाएगा। सभी कर्मचारी साथियों से 10 जून के ज्ञापन प्रदर्शन कार्यक्रम को सफल बनाने का आह्वान किया है।

**शहर में मेन पाइप लाइन बिछाने का काम पूर्ण** | सप्लाई के लिए बिछाई जा रही कनेक्शन पाइप लाइन

# पाइप लाइन के जरिए पीएनजी गैस कनेक्शन के लिए दो सौ लोगों ने कराया रजिस्ट्रेशन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

■ पीएनजी कनेक्शन के लिए करीब 6 हजार रुपए निर्धारित



अडानी टोटल गैस लिमिटेड द्वारा शहर में पीएनजी गैस के लिए स्टीलयुक्त मेन पाइप लाइन बिछाने का काम पूर्ण कर लिया गया है, वहीं घरों तक गैस कनेक्शन के लिए प्लास्टिक के पाइप लाइन बिछाने का काम चल रहा है। पीएनजी गैस कनेक्शन के लिए रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया चालू हो गई है और करीब 200 लोगों ने रजिस्ट्रेशन भी करा लिया है। शहर में पाइप्ड नेचुरल गैस पीएनजी गैस की सुविधा शुरू होने लोगों को गैस सिलेंडर के लिए मारामारी और परेशानी से छुटकारा मिल जाएगा। इसके लिए अडानी टोटल गैस लिमिटेड ने रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया चालू कर दी है। आनलाइन रजिस्ट्रेशन के साथ ही कंपनी के वेंडर भी अपार्टमेंट वाले एरिया में रजिस्ट्रेशन के लिए जा रहे हैं। रजिस्ट्रेशन शुरू होने के बाद अभी तक करीब 200 लोगों ने पीएनजी गैस कनेक्शन के रजिस्ट्रेशन कराया है। कुछ और लोगों के रजिस्ट्रेशन हो जाने के बाद कंपनी द्वारा घरों में पाइप लाइन जरिए गैस सप्लाई शुरू की जाएगी।

पीएनजी कनेक्शन के लिए करीब 6 हजार रुपए निर्धारित की गई है जिसमें मीटर, पाइप लाइन, फिटिंग सहित अन्य उपकरण शामिल हैं, जबकि रजिस्ट्रेशन के समय केवल 1300 रुपए लग रहा है।

### पहले चरण में यहां शुरू होगी सप्लाई

कछार में ट्रांसमिशन गैस प्लांट स्थापित किया गया है। वहां से मोपका, राजकिशोरनगर, सरकंडा, मंगला क्षेत्र सहित शहर में कई जगहों पर मेन पाइप लाइन बिछाया जा चुका है। इसके बाद पहले चरण में राजकिशोरनगर, मोपका, सरकंडा व अपार्टमेंट वाले एरिया में कनेक्शन दिए जाएंगे और पाइप लाइन जरिए गैस सप्लाई शुरू की जाएगी।

### घरों में लगेगा गैस मीटर

पीएनजी गैस सिस्टम में कनेक्शन वाले घरों में गैस मीटर लगाया जाएगा। यह मीटर से पता चलेगा कि उपभोक्ता द्वारा कितना गैस उपयोग किया गया है उसके मुताबिक गैस का बिल आएगा। इससे एक बड़ा फायदा यह होगा कि अचानक गैस खत्म होने का डर नहीं रहेगा और गैस सिलेंडर रिफलिंग बुक करने लेने के लिए मारामारी व परेशानी से छुटकारा मिल जाएगा।

### काम लगभग पूरा हो गया

पीएनजी गैस मेन पाइप लाइन बिछाने का काम शहर में लगभग पूरा हो गया है। अब जिन घरों में कनेक्शन करना है वहां प्लास्टिक पाइप लाइन बिछाना है। पीएनजी गैस के लिए रजिस्ट्रेशन चालू कर दिया गया है और करीब दो सौ लोगों ने रजिस्ट्रेशन भी कराया है।

**-अभिनव कुमार,** प्रोजेक्ट मैनेजर, अडानी टोटल गैस लिमिटेड

रसमड़ा स्टेशन पर 9 जून से होगा नान इंटरलाकिंग और प्री नान इंटरलाकिंग कार्य

# माल गोदाम लाइन कमीशनिंग से ट्रेनें प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे नागपुर मंडल के रसमड़ा स्टेशन पर मालगोदाम लाइन क्रमांक 6 के कमीशनिंग कार्य के लिए नान इंटरलाकिंग और प्री नान इंटरलाकिंग कार्य किया जाएगा। यह कार्य मंगलवार 9 जून को प्री नान इंटरलाकिंग के तहत लाइन क्रमांक 5 पर 18.00 बजे से रात 22.30 बजे तक 4 घंटे 30 मिनट का ब्लॉक लेकर, 10 जून को डाउन मुख्य आउटर संयुक्त लाइन पर 18.00 बजे से 22.30 बजे तक 4 घंटे 30 मिनट का ब्लॉक लेकर होगा।

वहीं मुख्य नान इंटरलाकिंग कार्य 11 जून को 11.30 बजे से शुरु कर 12 जून को 2.30 बजे तक 15 घंटे की अवधि में किया जाएगा। इस कार्य के कारण 68709 रायपुर डोंगरगढ़ 10 व 11 जून को, 68710 डोंगरगढ़-रायपुर 11 व 12 जून को, 68711 डोंगरगढ़-गोंदिया 10 व 11 जून को, 68712 गोंदिया-डोंगरगढ़ 10 व 11 जून को, 68713 गोंदिया-नेताजी सुभाषचंद्र बोस इतवारी 10 व 11 जून को, 68716 नेताजी सुभाषचंद्र बोस इतवारी-गोंदिया 10 व 11 जून को, 68714 नेताजी सुभाषचंद्र बोस इतवारी-बालाघाट 10 व 11 जून, 68715 बालाघाट-नेताजी सुभाषचंद्र बोस इतवारी 10 व 11 जून को रद्द की जाएगी। इसके साथ ही 68705 रायपुर-डोंगरगढ़ पैसेंजर 10 व 11 जून को दुर्ग स्टेशन पर समाप्त कर दुर्ग-डोंगरगढ़ के बीच, 68706 डोंगरगढ़-बिलासपुर पैसेंजर 10 व 11 जून को दुर्ग स्टेशन में समाप्त कर डोंगरगढ़-दुर्ग स्टेशन के बीच रद्द रहेगी।




### विशेष नाका चेकिंग अभियान में 7823 यात्रियों से 51 लाख की वसूली

रेलवे ने विशेष नाका टिकिट चेकिंग अभियान चलाकर 7823 यात्रियों से 51 लाख रुपए की वसूली की है। जोन के महाप्रबंधक तरूण प्रकाश और प्रधान मुख्य वाणिज्य प्रबंधक विजय कुमार के मार्गदर्शन में 21 मई से 4 जून तक पूरे रेलवे क्षेत्र के विभिन्न स्टेशनों पर एवं ट्रेनों में विशेष पखवाड़ा व्यापी नाका चेक अभियान चलाया गया। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य बिना टिकिट एवं अनियमित यात्रा पर अंकुश लगाना है। यह सघन अभियान एसईसीआर के तीनों डिवीजन वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक अनुराग कुमार सिंह, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक रायपुर अवधेश त्रिपाठी, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक नागपुर दिलीप सिंह के पर्यवेक्षण में संचालित किया गया। अभियान में रेल अफसरों एवं टिकिट जांच कर्मचारियों ने विभिन्न स्टेशन तथा ट्रेनों में निरीक्षण व जांच कर बिना टिकिट सफर करने वाले 5265 यात्रियों को, अनियमित सफर के 2558 यात्रियों को पकड़ा। इस सभी यात्रियों से किराया एवं जुर्माना के रूप में करीब 51 लाख रुपए बतौर जुर्माना वसूल किया गया है। जोन के प्रधान मुख्य वाणिज्य प्रबंधक विजय कुमार का कहना है कि नाका चेक अभियान का मुख्य उद्देश्य यात्रियों कों वैध टिकिट के साथ सफर करने की आवश्यकता के प्रति जागरूकता करना है। रेलवे किराया अत्यंत किफायती है और यात्रियों को उचित और वैध सफर प्राधिकार के साथ करना चाहिए।

## बिजनेस प्लस

### संकल्प रेस्टोरेंट टोपाज़ होटल में मिलेगा दक्षिण भारतीय व्यंजनों का अनूठा स्वाद

**बिलासपुर।** शहरवासियों के लिए दक्षिण भारतीय व्यंजनों का प्रसिद्ध नाम संकल्प – द टेस्ट ऑफ साउथ अब नए स्वरूप में टोपाज होटल, इमलीपारा रोड में शुरू हो गया है। उद्घाटन समारोह में क्षेत्र की कई प्रतिष्ठित हस्तियों ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति दर्ज कराई।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री एवं विधायक अमर अग्रवाल रहे। वहीं विधायक धर्मजीत सिंह, विधायक सुशांत शुक्ला तथा छत्तीसगढ़ सराफा एसोसिएशन के अध्यक्ष कमल सोनी विशिष्ट अतिथि थे। अतिथियों ने फीता काटकर रेस्टोरेंट का शुभारंभ किया। इस अवसर पर अतिथियों ने कहा कि संकल्प ने अपने बेहतरीन स्वाद और गुणवत्ता के दम पर देशभर में एक अलग पहचान बनाई है। बिलासपुर में टोपाज होटल के साथ इसकी नई शुरुआत शहर के फूड लवर्स के लिए एक खास सौगात साबित होगी। रेस्टोरेंट में ग्राहकों के लिए 35 प्रकार के डोसा, 18 प्रकार की इडली-वड़ा तथा 7 प्रकार के उत्तपम सहित दक्षिण भारतीय व्यंजनों की विस्तृत श्रृंखला उपलब्ध रहेगी। साथ ही स्पूकी डोसा, कैओस डोसा, मटका डोसा और स्पेशल इडली जैसे विशेष व्यंजन भी आकर्षण का केंद्र होंगे। उद्घाटन समारोह में गणमान्य नागरिक, व्यापारी, होटल व्यवसायी एवं शहरवासी उपस्थित रहे। सभी ने संकल्प के स्वाद और आधुनिक वातावरण की सराहना करते हुए इसे नई फूड डेस्टिनेशन बताया।



### होटल द ईस्ट पार्क में मेगा फैशन सेल का आज अंतिम दिन

**बिलासपुर।** लिंक रोड स्थित होटल द ईस्ट पार्क में आयोजित मेगा फैशन सेल का 7 जून को अंतिम दिन है। इसके डायरेक्टर ने बताया कि जिसमें महिलाओं, पुरुषों और बच्चों के लिए आकर्षक परिधानों तथा आकर्षक खिलौनों की बिक्री बेहद रियायती दरों पर की जा रही है। ज्यादा से ज्यादा डिस्काउंट देकर सीधे ग्राहकों को लाभ पहुंचाने का निर्णय लिया गया है।

इसी उद्देश्य से यह विशेष सेल लगाई गई है, जहां कई उत्पादों की कीमतें सामान्य बाजार दरों की तुलना में काफी कम रखी गई हैं। सेल में महिलाओं के लिए लेडीज जींस, प्लाजो, स्कर्ट, वन पीस, टॉप, कुर्ती सहित विभिन्न फैशनेबल परिधान उपलब्ध है। इनमें से कई उत्पाद मात्र 99 रुपए की शुरुआती कीमत पर खरीदे जा सकेंगे। इसके अलावा विभिन्न डिजाइन और साइज में उपलब्ध फैशन आइटम भी आकर्षक ऑफर के साथ बिक्री के लिए रखा गया है। पुरुषों के लिए भी विशेष ऑफर तैयार किए गए हैं। टी-शर्ट और ब्रांडेड शर्ट के कॉम्बो पैक ग्राहकों को रियायती दरों पर उपलब्ध है। वहीं ब्रांडेड जींस भी विशेष पैकेज ऑफर के तहत बेची जा रहे है। आयोजकों का दावा है कि ग्राहकों को बाजार की तुलना में काफी कम कीमत पर गुणवत्तापूर्ण वस्त्र प्राप्त होंगे। मात्र 500 रु में 5 पीस टी-शर्ट, 500 रु में 2 पीस जीन्स और 500 रु में 5 पीस ब्रांडेड शर्ट जैसी आकर्षक ऑफर दिए जा रहे हैं। बच्चों के लिए भी इस सेल में विशेष आकर्षण रखा गया है। लोकप्रिय कार्टून कैरेक्टर वाले सॉफ्ट टॉय और खिलौने 99 रुपए तथा 199 रुपए जैसी किफायती कीमतों में उपलब्ध है। परिवार के सभी सदस्यों के लिए एक ही स्थान पर खरीदारी की सुविधा इस आयोजन को और खास बनाती है। आयोजकों ने शहरवासियों से अपील की है कि वे इस विशेष सेल का लाभ उठाएं। इस मेगा फैशन सेल का आज अंतिम दिन है।




### सराफा महा सम्मेलन में शामिल होंगे उद्योग मंत्री देवांगन

**बिलासपुर।** आगामी 28 जून को बिलासपुर में आयोजित होने वाले छत्तीसगढ़ सराफा महा सम्मेलन के लिए छत्तीसगढ़ सराफा एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष कमल सोनी के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने प्रदेश के वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन से सौजन्य भेंट कर उन्हें सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होने का आमंत्रण दिया। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल ने रायपुर के पंडरी स्थित कृषि उपज मंडी परिसर में प्रस्तावित जेम्स एंड ज्वेलरी पार्क को स्वीकृति प्रदान करने के लिए उनका आभार भी व्यक्त किया। इसके बाद प्रदेश अध्यक्ष कमल सोनी के कोरबा प्रवास के दौरान कोरबा सराफा संघ की ओर से उनका भव्य स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर कोरबा सराफा संघ के अध्यक्ष रामकुमार सोनी एवं उनकी टीम ने ज्वेलरी पार्क की स्वीकृति को प्रदेश के सराफा कारोबार के लिए ऐतिहासिक उपलब्धि बताते हुए कमल सोनी को बधाई दी। इसी क्रम में रायपुर स्थित सीएसआईडीसी कार्यालय में छत्तीसगढ़ स्टेट इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन के अध्यक्ष राजीव अग्रवाल से भी भेंट कर ज्वेलरी पार्क की स्वीकृति के लिए उनका आभार व्यक्त किया गया। बैठक में ज्वेलरी पार्क के शीघ्र क्रियान्वयन, भूमि आवंटन, आधारभूत संरचना तथा प्रदेश के हजारों सुनार एवं सराफा कारीगरों को शासकीय योजनाओं का लाभ दिलाने जैसे विषयों पर सकारात्मक चर्चा हुई। इस अवसर पर विजय सोनी, जितेंद्र सोनी, रोहित साह, जय सोनी, मोतीलाल जैन, जयकिशन सोनी आदि उपस्थित रहे।



### अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन राज्य की प्रबंध कार्यकारिणी घोषित



**बिलासपुर।** अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन छत्तीसगढ़ इकाई की प्रबंध कार्यकारिणी की शनिवार को घोषणा कर दी गई। महामंत्री कर्त्तव्य अग्रवाल ने बताया कि छग प्रभारी ईश्वर प्रसाद अग्रवाल, प्रदेश अध्यक्ष राम अवतार अग्रवाल, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष हनुमान प्रसाद अग्रवाल, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष संतोष अग्रवाल, राष्ट्रीय उपमहामंत्री प्रमोद जैन, पूर्व अध्यक्ष कृष्ण कुमार अग्रवाल, पूर्व महामंत्री मुरली अग्रवाल की उपस्थिति में प्रबंध कार्यकारिणी की घोषणा की गई।

प्रबंध कार्यकारिणी में ईश्वर प्रसाद अग्रवाल रायपुर, अध्यक्ष रामअवतार अग्रवाल बिलासपुर, महामंत्री कर्तव्य अग्रवाल रायपुर, महामंत्री महेश अग्रवाल बिलासपुर, कोषाध्यक्ष सुधीर अग्रवाल दुर्ग, वरिष्ठ उपाध्यक्ष पवन अग्रवाल (सीए) रायपुर, वरिष्ठ उपाध्यक्ष अशोक अग्रवाल रायपुर, वरिष्ठ उपाध्यक्ष आनंद बेरीवाल रायगढ़, वरिष्ठ उपाध्यक्ष अरविन्द सिंघानिया अम्बिकापुर, उपमहामंत्री राजीव अग्रवाल रायपुर, उप-महामंत्री दिनेश सिंघल भिलाई, उप-महामंत्री विकाश अग्रवाल अम्बिकापुर,उपमहामंत्री विकाश अग्रवाल नैला, युवा अध्यक्ष अमर सुल्तानिया जांजगीर,युवा महामंत्री नितेश अग्रवाल रायपुर शामिल हैं। प्रबंध कार्यकारिणी ने निर्णय लिया कि 15 जून तक पूरे प्रदेश की कार्यकारिणी, जिला इकाई, महिला इकाई, युवा इकाई सभी घोषित कर दिए जाएंगे। 5 जुलाई को रायपुर के मैक ऑडिटोरियम समता कॉलोनी में प्रथम कार्यकारिणी बैठक एवं शपथ ग्रहण समारोह आयोजित कर सालभर के कार्यक्रमों का एजेंडा बनाकर कार्य शुरू किए जाएँगे। समाजहित के कार्य किए जाएँगे। शपथ ग्रहण में छत्तीसगढ़ के गणमान्य अतिथि, पदाधिकारी, कार्यकारिणी सदस्य एवं राष्ट्रीय नेतृत्व भी शामिल होंगे।

25 से 31 मई तक आईआईटी खरगपुर में हुआ 11 वां राष्ट्रीय अधिवेशन का समापन

# स्पिक मैके राष्ट्रीय अधिवेशन में शामिल प्रतिभागियों ने किया अनुभव साझा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

सोसाइटी फॉर द प्रमोशन ऑफ इंडियन क्लासिकल म्यूजिक एंड कल्चर अमंगस्ट यूथ (स्पिक मैके) द्वारा आयोजित 11 वां राष्ट्रीय अधिवेशन 25 मई से 31 मई तक आईआईटी खरगपुर में संपन्न हुआ।

इस दौरान प्रतिभागी छात्रों, शिक्षकों एवं प्रोफेसरों ने अपने अनुभव साझा किए। एवीएम न्यू सैनिक स्कूल की छात्रा अद्रिका खंडेलवाल ने बताया कि गुरु कोटाक्कल नंदकुमारन से कथकली की 24 मुद्राएं सीखकर उनका प्रदर्शन किया। रुचि देवांगन ने विदुषी शर्मिला विश्वास से ओडिसी, सेजल सूर्यवंशी और आराध्या तिवारी ने विदुषी वैजयंती काशी से कुचिपुड़ी नृत्य सीखा । प्रयाग श्रीवास ने गुरु आशीष मालाकार से बंगाल की शोलापीठ हस्तकला का ज्ञान प्राप्त किया। वहीं आराध्य जायसवाल ने आर. एन. त्यागराजन से कर्नाटक संगीत के अंतर्गत भैरवी राग सीखने का अनुभव साझा किया। ब्रिलिएंट स्कूल बहतराई की छात्रा ने भी अपने अनुभव रखे। एवीएम न्यू सैनिक स्कूल की शिक्षिका अपूर्वा तिवारी ने सात्विक जीवन शैली, योग साधना, सात्विक भोजन तथा बाउल संगीत एवं ध्रुपद गायन जैसी विधाओं से प्राप्त नई जानकारी साझा की। उन्होंने बताया कि बच्चों ने अन्य राज्यों के छात्रों से मित्रता की, सहयोग की भावना विकसित हुई और विभिन्न कला परंपराओं को सीखने का अवसर मिला। शिक्षिका रंजना दत्त ने व्यवस्थित दिनचर्या, हठ योग और गुरु श्री बापूकान पएंग से हथकरघा बुनाई सीखने के अनुभव बताए। सम्मेलन के दौरान एवीएम न्यू सैनिक स्कूल के चेयरमैन अजय श्रीवास्तव ने स्पिक मैके की स्थापना के उद्देश्य पर प्रकाश डाला।

उन्होंने अधिक से अधिक बच्चों को जोड़ने, वालंटियर बनने और इस परंपरा को आगे बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित किया। नृत्य धारा अकादमी की शिक्षिका आंचल पांडे एवं संकल्प लर्निंग क्लासेस के शिक्षक विकास सर उपस्थित रहे। सम्मेलन का समापन भातखंडे संगीत महाविद्यालय बिलासपुर की प्रो. ममता चक्रवर्ती ने किया।


एवीएम के चेयरमैन के साथ स्पिक मैके के राष्ट्रीय अधिवेशन में अनुभव साझा करने वाले प्रतिभागी।

### निःशुल्क फिजियोथेरेपी व दंत चिकित्सा शिविर कल से

**बिलासपुर।** हड्डी, मांसपेशियां, नसों एवं दांतों से संबंधित सभी प्रकार की बीमारियों का इलाज करने के उद्देश्य से अखिल भारतीय वैश्य कसौंधन महासभा ट्रस्ट पंजीकृत गुप्ता समाज द्वारा इन दिनों कसौंधन माह चलाया जा रहा है। इसके अंतर्गत निःशुल्क फिजियोथेरेपी एवं दंत चिकित्सा शिविर का आयोजन सोमवार 8 जून से किया जा रहा है।संस्था के जिला अध्यक्ष रमेश गुप्ता ने बताया कि शिविर सुबह 10 से दोपहर 12 बजे, शाम 6 से रात 7 बजे तक रखा गया है। उक्त शिविर 15 दिनों तक चलेगा। आयु सीमा बंधित नहीं है। फिजियोथेरेपी एवं दर्द निवारण शिविर डॉ प्रशांत चक्रवर्ती, बी.पी.टी. इंदौर सेवाएं देंगे। यह शिविर फिजियोथैरेपी एंड पेन क्लिनिक आर-2 विनोबा नगर गायत्री मंदिर के पास एवं दंत चिकित्सा शिविर फिजियोडेंट फिजियोथैरेपी एंड डेंटल क्लीनिक बजरंग चौक राजकिशोर नगर में रखा गया है। शिविर में फिजियोथैरेपी चिकित्सक डॉ प्रशांत चक्रवर्ती, दंत चिकित्सक डॉ सुब्रत प्रमाणिक उपस्थित रहेंगे।

## खबर संक्षेप

### चाकू लहराकर लोगों को डरा रहा युवक गिरफ्तार

**बिलासपुर।** सिविल लाइन थाना पुलिस ने तालापारा क्षेत्र में आम लोगों को धारदार चाकू दिखाकर डराने धमकाने वाले एक आरोपी को रंगो हाथ गिरफ्तार किया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार,शुक्रवार दोपहर को गश्त के दौरान सूचना मिली कि साई मंदिर के पीछे वाली गली तालापारा में एक युवक हाथ में बड़ा चाकू लेकर आने-जाने वाले राहगीरों को डरा रहा है, जिससे इलाके में अफरा-तफरी मची हुई है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने गवाहों के साथ मौके पर घेराबंदी कर रेड की। पुलिस ने आरोपी लॉरेंस मसीह 33 वर्ष निवासी तालापारा को मौके पर ही धर दबोचा। आरोपी के पास से 31 सेंटीमीटर लंबा धारदार लोहे का चाकू जब्त किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है।

जेनेरिक दवा के नाम पर चल रहा है बड़ा खेल

जिले के कई दवा व्यापारी लोगों को दे रहे झांसा

# धड़ल्ले से बिक रहीं छूट पर दवा, काउंसिल के नियमों की उड़ी धज्जियां

**बिलासपुर।** दवा दुकानों में 10 से 20 फीसदी की छूट राज्य फार्मेसी काउंसिल की उस एडवाइजरी का माखौल उड़ा रही है, जिसमें ऐसा करने वालों के खिलाफ सख्ती बरतने की बात कही गई है। शहर के कई छोटे और बड़े दुकानों में दवाओं पर छूट का बोर्ड आसानी से देखा जा सकता है। इसे लेकर जिला औषधि संघ ने काउंसिल को पत्र भी लिखा है, लेकिन नियम महज कागजों तक ही सीमित है।

दवा दुकानों के बाहर लगे छूट को छत्तीसगढ़ राज्य फार्मेसी काउंसिल ने गलत माना है। 7 अप्रैल 2025 को जारी किए गए एडवाइजरी में पंजीकृत फार्मासिस्ट, मेडिकल दुकान संचालक को बिक्री पर छूट, रिबेट या प्रचारात्मक ऑफर देने की मनाही की है। काउंसिल ने इसे बेवजह का प्रतिस्पर्धा और ग्राहकों को भ्रमित करने का कारक बताया है।




काउंसिल ने सीधे तौर पर कहा था कि दवा ग्राहकों के लिए ऐसे बोर्ड, बैनर और छूट का प्रचार फार्मेसी प्रैक्टिस रेगुलेशन 2015 के अध्याय 7 व 8 का खुला उल्लघंन है। इसके बाजवूद शहर के कई दुकानों में अब तक बोर्ड दिखाई दे रहे है। काउंसिल को इसकी शिकायत मिलती है लेकिन संघ द्वार किए गए शिकायतों में किसी खास दुकानों का जिक्र नहीं होने के कारण इसे सामान्य शिकायत मानकर काउंसिल भी कार्रवाई नहीं कर पा रहा है और कुछ दुकानदार धड़ल्ले से छूट का झांसा देकर मरीज और दवा ग्राहकों को चूना लगा रहे हैं।

### एमआरपी रेट पर डिस्काउंट सामान्य छूट

दरअसल जेनरिक और अन्य ब्रांड के दवाओं पर छूट मिल सकती है, एमआरपी रेट पर छूट का प्रावधान पहले से लागू है, कई मेडिकल स्टोर इसे देते भी हैं, लेकिन कॉरपोरेट मेडिकल स्टोर, चेन मार्केटिंग मेडिकल स्टोर अपने स्वंय के ब्रांड व जेनेरिक दवाओं पर कई बार 25 फीसदी का डिस्काउंट दे रहे हैं, जिससे आम चिल्हर दवा दुकानों की कम टूट रही है। इस बारे में फार्मासिस्ट और केट के अध्यक्ष हीरानंद जय सिंह ने बताया कि काउंसिल महज चिल्हर विक्रेताओं पर ध्यान दे रही है, जबकि कॉरपोरेट मेडिकल स्टोर नियमों की धज्जियां उठा रही है। कॉरपोरेट मेडिकल स्टोर जेनेरिक मेडिसीन के नाम पर अपनी दवा बेच रहे है। फेसबुक, ऑनलाइन प्लेटफार्म में आसानी से डिस्कांउट मिल रहा है। ऐसे में प्रतिबंध सभी तरीकों पर लगाना अनिवार्य है।

### फार्मासिस्ट एक्ट के तहत की जा सकती है कार्रवाई

फार्मासिस्ट एक्ट के तहत कार्रवाई की जा सकती है, लेकिन काउंसिल को अब तक लिखित में किसी भी मेडिकल स्टोर की शिकायत नहीं मिली है। संघ द्वारा जो पत्र भेजा जाता है व आम पत्रों के अनुसार है, जिस पर एडवाइजरी पहले से ही जारी की गई है। काउंसिल के सामने ऐसा एक भी मामला आएगा, जिसमें दुकानदार द्वारा छूट या दिग्भ्रमित करने का विज्ञापन हो तो काउंसिल रजिस्ट्रेशन कैंसिल कर सकती है। कार्रवाई तय की जाएगी।

**-अश्वनी गुर्डेकर**, रजिस्ट्रार, छग राज्य फार्मेसी काउंसिल

### छूट देना सही नहीं है

प्रतिस्पर्धा में कई दुकानदार दुकान के बाहर छूट का बोर्ड लगा रहे हैं, जो सही नहीं है। इससे दवा की प्रमाणिकता और नियमों का उल्लघंन है। सबसे खास बात यह है कि मरीज व ग्राहक ऐसे विज्ञापन के झांसे में आता है और डाक्टर द्वारा लिखित दवा से अलग दवा की खरीदी कर बैठता है। बड़े कॉरपोरेट फार्मेसी चेन खोल चुके है, वे कहीं की दवा को कही भी खपा रहे है। हमने काउंसिल को पत्र लिखकर इस बारे में निर्णय लेने के लिए कहा है।

**-राकेश शर्मा**, अध्यक्ष, जिला औषधि संघ

### दुकानदार को हम मना नहीं कर सकते

हम अपने स्तर पर महज दवा की खरीदी बिक्री और उसके रख रखाव से संबंधित नियमों की जांच पड़ताल करते हैं। छूट पर दवा बेचना ग्राहकों को भ्रमित कर सकता है, लेकिन दुकानदार को हम मना नहीं कर सकते है। इसके लिए राज्य फार्मेसी काउंसिल ही कार्रवाई कर सकती है।

**-भीष्म सिंह**, सहायक औषधि नियंत्रक

कमाई नहीं होने से बंद हो गई दुकान

# यात्रियों की नजर नहीं पहुंचती वहां खोल दिया था गढ़कलेवा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

जोनल स्टेशन में आने-जाने वाली गाड़ियों में सफर कर रहे बाहर के यात्रियों कों छत्तीसगढ़ी व्यंजन का स्वाद चखाने के लिए गढ़कलेवा का स्टॉल ऐसे स्थान पर खोला गया, जहां यात्रियों की संख्या दिन भर में काफी कम थी या फिर उस जगह पर यात्रियों की नजर ही नहीं पड़ रही थी। इसके कारण गढ़कलेवा का स्टॉल पूरी तरह से बंद हो गया।

हजारों की संख्या में सफर करने वाले यात्री अलग-अलग प्रदेश और जाति के रहते हैं, जिन्हें कई बार दूसरे प्रदेशों के खान-पान का स्वाद नहीं भाता है। रेलवे बोर्ड ने पहले सभी प्रदेश स्तर पर चलने और स्टापेज होने वाली ट्रेनों के यात्रियों के लिए प्रदेश में बनने वाले व्यंजनों की बिक्री करने का आदेश दिया था, लेकिन यह आदेश केवल कागजों तक ही सीमित रह गया। इसके उपरांत वन नेशन वन प्रोजेक्ट के तहत लोकल स्तर को बढ़ावा देने के लिए स्टॉल ओपन किए गए, जहां के सामानों की खरीददारी करने में यात्रियों ने कोई भी दिलचस्पी नहीं दिखाई। रेल प्रशासन ने प्लेटफार्म नम्बर एक पर गेट नम्बर चार के पास स्थानीय और लोकल स्तर के व्यंजनों और बेरोजगारों को रोजगार उपलब्ध कराने के लिए गढ़कलेवा के नाम से स्टॉल ओपन कर दिया। इसके लिए स्थानीय महिला समूह को ठेका दिया गया था। रेलवे की योजना अनुसार जहां प्रदेश के साथ बाहर के यात्रियों को छत्तीसगढ़ के व्यंजन का स्वाद दिया जाना था। इस स्टॉल को जिस प्लेटफार्म पर ओपन कराया गया था, उस प्लेटफार्म पर यात्री गाड़ियों से ज्यादा मालगाड़ियों का स्टापेज होता है। इसके कारण यात्रियों की संख्या भी स्टेशन में नहीं के बराबर रहती है। गढ़कलेवा जब से ओपन हुआ तब से एक या दो यात्री ही स्टॉल तक खाने-पीने का सामान लेने के लिए पहुंचते थे, जिसकी वजह से काफी नुकसान उठाना पड़ रहा था। इसे देखते हुए महिला समूह ने गढ़कलेवा का संचालन करना ही बंद कर दिया।



स्टेशन में बंद हुई गढ़कलेवा की दुकान, जगह हुई खाली।

**क्या थी योजना:** रेलवे से मिली जानकारी के अनुसार जोनल रेलवे स्टेशन के बिलासपुर में पहला गढ़कलेवा ओपन किया जाना था। यह कई महिलाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करता है। गढ़कलेवा छत्तीसगढ़ की संस्कृति और परंपराओं को बढ़ावा देने का एक महत्वपूर्ण साधन है। इसमें ग्रामीण परिवेश जैसा वातावरण है जो लोगों को छत्तीसगढ़ की संस्कृति से जोड़ता है। इसमें चावल के आटे से बनी रोटी यानि चौसेला, मूंग या अन्य दाल से बना व्यंजन हथफोड़वा, गुड़ और चावल के आटे से बनी मिठाई ऐरसा, चावल और दाल के आटे से बनी नमकीन टिक्की धुसका, दूध में बनी मीठी डिश दूध फरा, मीठा व्यंजन गुड़ से बना पीढ़िया, चावल या गेहूं के आटे से बनी टिक्की मुठहिया, चावल और दही से बनी मिठाई देहरौरी, मीठी स्नैक पपची, गुड़ चना दाल के साथ बना पूरन लड्डू, कारी लड्डू, अंगाकर रोटी, बफोरी, गुलगुला, खाजा, ठेठरी, साबूदाना बड़ा, फरा, चीला, मूंग बड़ा, मीठे में अरसा, खुरमी, पूरन लड्डू, पीड़िया, पपची आदि शामिल है।

### नहीं आ रही थी पब्लिक

यात्रियों के लिए ही छत्तीसगढ़ व्यंजन का स्वाद देने गढ़कलेवा स्टॉल को प्लेटफार्म नम्बर एक पर ओपन कराया गया था। इसे संचालन करने के लिए महिला समूह को जिम्मेदारी दी गई थी। गढ़कलेवा ओपन होने के बाद पब्लिक नहीं आ रही थी, जिसकी वजह से उन्होंने स्टॉल को छोड़ दिया। अब दूसरी महिला समूह की खोज की जा रही है, ताकि उनकी ओर से सामानों को अच्छी तरह से पैकिंग कर यात्रियों को दी जाए।

**-अनुराग कुमार सिंह**,सीनियर डीसीएम, रेल मंडल बिलासपुर

### कोनी आईटीआई के स्टोर रूम से हजारों का माल पार

**बिलासपुर।** कोनी थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले आदर्श औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में अज्ञात चोरों के द्वारा स्टोर रूम की जाली तोड़कर हजारों रूपए का सामान चोरी करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर अज्ञात आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार,संस्थान में मेंटेनेंस मैकेनिक पद पर पदस्थ महेश चन्द्र बागले 30 अप्रैल को शाम करीब 5.20 बजे भंडारण कक्ष में ताला लगाकर घर गए थे। इसके बाद शासकीय अवकाश और फिर अर्जित अवकाश होने के कारण स्टोर रूम बंद था। इस दौरान किसी अज्ञात चोर ने स्टोर रूम की लोहे की जाली को तोड़कर अंदर प्रवेश किया। जब कर्मचारी वापस लौटे और कमरे की जांच की तो वहां रखा भारी मात्रा में कीमती सामान गायब मिला। चोरी गए सामानों में सिलाई मशीन, सिलिंग फैन, खेल संबधी तावा एंव गोला,वेल्डिंग नोजल,वेल्डिंग केवल,सरफेस प्लेट,फ्लैट फाइल,फ्लायर के 3 बाक्स ,स्क्रू ड्राइवर और भारी मात्रा में स्क्रैप शामिल है। गायब हुए इस शासकीय सामान की कुल कीमत लगभग 39 हजार 266 रूपए आंकी गई है।कोनी पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता की धाराओं के तहत अपराध पंजीबद्ध कर अज्ञात चोर की तलाश शुरू कर दी है।

# रिटायर्डकर्मी से 10 लाख की ठगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

- मुनाफे में हिस्सेदारी देने का दिया झांसा

आटोमोटिव इंजन आयल, ग्रीस का स्टॉकिस्ट बनाने व कंपनी में पार्टनर बनाकर मुनाफे में हिस्सेदारी देने का झांसा देकर रिटायर्डकर्मी से 10 लाख रुपए की आनलाइन ठगी कर ली गई है।

सरकण्डा पुलिस के अनुसार, अशोक विहार फेस 2 निवासी रिटायर्डकर्मी राजेन्द्र कुमार देवांगन ने शिकायत दर्ज कराई। वर्ष 2020 में ओडिशा की इसेन्वेल्थ स्टोर्स प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के डायरेक्टर सुशील कपूर, सहयोगी यश नारायण शर्मा उनसे मिले। दोनों ने उन्हें कंपनी का मिनी स्टॉकिस्ट और चैनल पार्टनर बनाने का प्रस्ताव दिया। दोनों ने दावा किया कि कंपनी के ऑटोमोटिव इंजन आयल और ग्रीस के कारोबार में निवेश करने पर उन्हें स्टाकिस्ट बनाया जाएगा। कंपनी के आय में 50 प्रतिशत की हिस्सेदारी उन्हें दी जाएगी। इसके लिए उन्होंने पहले चार लाख रुपए मांगा। लालच में आकर श्री देवांगन ने उन्हें अलग अलग किश्तों में नकद व आनलाइन बैंकिंग के माध्यम से 4 लाख रुपए दे दिया। उसके बाद भी उन्हें स्टॉकिस्ट नहीं बनाने पर उन्होंने दोनों से संपर्क किया तो उन्हें प्रक्रिया पूरी करने के नाम पर 6 लाख रुपए और जमा करने को कहा गया। श्री देवांगन ने उनके बताए गए बैंक खातों में 6 लाख रुपए जमा कर दिया। उसके बाद भी उन्हें मुनाफे की राशि नहीं मिली। उन्होने दोनों से संपर्क किया तो टालमटोल करने लगे और मोबाइल बंद कर उनका मोबाइल ब्लाक कर दिया। उसके बाद उन्हें ठगी का अहसास हुआ। उन्होने मामले की रिपोर्ट ओडिशा में दर्ज कराई। वहां से डायरी आने पर सरकण्डा पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर सुशील कपूर, यशनारायण शर्मा के खिलाफ धारा 420, 34 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

### फर्जी फेसबुक आईडी बनाकर ठगी

रेलवे सुरक्षा अधिकारी की फर्जी फेसबुक आईडी बनाकर उनके चार परिचितों से 60 से 70 हजार रुपए मांगकर ठगी कर ली गई है। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। तोरवा टीआई रजनीश सिंह ने बताया, रेलवे के प्रधान सुरक्षा अधिकारी अनुप सतपति ने रिपोर्ट लिखाई। उनके नाम की फर्जी फेसबुक आईडी बनाकर उनके चार परिचितों से झूठ बोलकर 60 से 70 हजार रुपए मांगकर ठगी कर ली है। परिचितों ने उनसे संपर्क कर पैसा देने की बात कही तो उन्हें उनके नाम की फर्जी फेसबुक आईडी बनाने की जानकारी मिली। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर अज्ञात के खिलाफ बीएनएस की धारा 319 व 66 आईटी एक्ट के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।







# एयरपोर्ट के लिए समिति करेगी विराट जन मार्च

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

- समाज के विभिन्न वर्गों को जोड़ने का आह्वान

4सी एयरपोर्ट व महानगरों तक सीधी उड़ान को लेकर रनवे विस्तार और नए टर्मिनल भवन की मुहिम अब नया रंग ले सकती है। हवाई सुविधा जन संघर्ष समिति विराट जन मार्च निकालेगी। 7 साल बाद भी बिलासा एयरपोर्ट की उपेक्षा से समिति ने सरकार के विरोध में मार्च निकाल सकती है

दरअसल रायपुर एयरपोर्ट में ही बोइंग और एयरबस जैसे विमान उतर सकते हैं, आकस्मिक स्थिति जैसे मौसम खराब व अन्य कारणों पर रायपुर में विमान नहीं उतरने पर भुवनेश्वर नागपुर आदि डाइवर्ट किया जाता है। समिति ने कहा कि क्षेत्रफल में छत्तीसगढ़ से छोटे तमिलनाडु राज्य में 7 बड़े एयरपोर्ट हैं जबकि बिलासपुर में हाईकोर्ट, रेलवे जोन, एसईसीएल होने के बाद भी सर्व सुविधायुक्त एयरपोर्ट नहीं बनाया जा सकता है। हवाई सुविधा जन संघर्ष समिति ने इसी माह विराट जन मार्च आयोजित करने का फैसला किया है। जिसमें गांधी चौक से नेहरू चौक तक जनमार्च निकला जाएगा। इसके लिए समिति ने विभिन्न संगठन जिसमें खेल संघ, जाति समाज संगठन, धार्मिक संगठन , व्यापारिक संगठन, प्रोफेशनल्स संगठन एवं अन्य प्रमुख राजनीतिक सामाजिक व्यक्तियों के साथ संपर्क शुरू कर दिया है। हवाई सुविधा जन संघर्ष समिति ने कहा जून के अंतिम सप्ताह में जन मार्च किया जा सकेगा।







# रिटायर्ड रेलवे कर्मी के घर से सोने के जेवर, मोबाइल चोरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

रिटायर्ड रेलवेकर्मी के सूने मकान में चोरों ने धावा बोलकर सोने के जेवर, मोबाइल, टेबलेट की चोरी कर ली है। पुलिस चोरों की तलाश में जुट गई है।

तोरवा टीआई रजनीश सिंह ने बताया, कासिमपारा निवासी रिटायर्ड रेलवेकर्मी सतीश कुमार तिग्गा 60 साल विगत 28 मई को घर के दरवाजे में ताला लगाकर सिक्किम घूमने चले गए थे। 5 जून को वे घर लौटे तो ताला टूटा मिला। अंदर जाकर देखे तो सामान अस्त व्यस्त पड़े थे। आलमारी के लाकर से कीमती सोने के जेवर व मोबाइल, टेबलेट चोरी हो गई थी।

सूचना पर पुलिस उनके घर का मुआयना कर लौट गई। पुलिस ने श्री तिग्गा की रिपोर्ट पर अज्ञात के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

## पांच वर्षों बाद भी नहीं मिला नल से जल

# जल जीवन मिशन की सुस्त रफ्तार से ग्रामीण परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ लोरमी

केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी जल जीवन मिशन योजना का लाभ ग्राम सरईपतेरा एवं ग्राम अखरार के ग्रामीणों को आज तक पूर्ण रूप से नहीं मिल पाया है। ग्रामीणों के अनुसार विगत लगभग पांच वर्षों पूर्व दोनों गांवों में पेयजल व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से पानी टंकी का निर्माण कराया गया था, लेकिन आज तक पाइपलाइन विस्तार का कार्य अधूरा पड़ा हुआ है। वर्ष 2021 में टेंडर प्रकिया के बाद प्रारंभ हुआ निर्माण कार्य पांच साल बीत जाने के बाद भी चल रहा है,जो विभाग जे उदासीनता को दर्शाता है।

ग्राम पंचायत अखरार की सरपंच स्मृति धृतलहरे ने 22 दिसंबर 2025 को कार्यपालन अभियंता, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, मुंगेली को पत्र लिखकर अधूरी पाइपलाइन विस्तार कार्य को पूरा कर पेयजल उपलब्ध कराने की मांग की है। साथ ही गांव में नए हैंडपंप खनन की आवश्यकता भी बताई गई है। इसी प्रकार ग्राम सरईपतेरा के ग्रामीणों ने भी विभाग को ज्ञापन सौंपकर बताया है कि गांव में लगभग 60 परिवार भीषण जल संकट से जूझ रहे हैं। गर्मी के दिनों में महिलाओं और बच्चों को दूर-दराज के स्त्रोतों से पानी लाना पड़ता है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि समस्या का शीघ्र समाधान नहीं होने पर आंदोलन किया जाएगा। ग्रामीणों का आरोप है कि विभागीय उदासीनता एवं ठेकेदार की लापरवाही के कारण योजना अधर में लटक गई है। पानी टंकी बन जाने के बावजूद अधिकांश घरों तक पाइप लाइन विस्तार में त्रुटि है, जिसमें जगह-जगह लीकेज की समस्या सामने आई है, जिससे ग्रामीणों को नल से जल उपलब्ध नहीं हो पाया है। भीषण गर्मी के इस दौर में लोगों को पेयजल के लिए काफी मशक्कत करनी पड़ रही है तथा दूर-दराज के हैंडपंपों एवं अन्य जल स्त्रोतों पर निर्भर रहना पड़ रहा है।





### पाइप लाइन का काम अधूरा

ग्रामीणों ने बताया कि जल जीवन मिशन के तहत हर घर तक शुद्ध पेयजल पहुंचाने का दावा किया गया था, लेकिन धरातल पर स्थिति इसके विपरीत दिखाई दे रही है। कई स्थानों पर पाइप लाइन बिछाने का कार्य अधूरा छोड़ दिया गया है, जबकि कुछ जगहों पर पाइपलाइन बिछने के बाद भी जल आपूर्ति प्रारंभ नहीं हो सकी है। ग्रामीणों ने संबंधित विभाग एवं जिला प्रशासन से मांग की है कि अधूरे कार्यों को शीघ्र पूर्ण कराया जाए तथा जलापूर्ति व्यवस्था प्रारंभ कर ग्रामीणों को राहत प्रदान की जाए। उनका कहना है की समस्या का शीघ्र समाधान किया जाए। ग्राम सरई पतेरा में गलत डिजाइन के कारण टंकी की सीढ़ी को तोड़ा गया,अब विभाग नए निर्माण विभाग करा रहा है।

### क्या कहते हैं लोग

अखरार सरपंच स्मृति घृतलहरे ने कहा कि गांव में आधा अधूरा पाइप लाइन विस्तार हुआ है। पानी टंकी लीकेज हैं। भीषण गर्मी में योजना हेंडओव्हर नहीं हुआ। शासन से शिकायत की हूं, लेकिन पेजयल की समस्या बनी हुई। सरपंच सरईपतेरा नारायण साहू ने कहा कि विभाग पानी टंकी की रिपेयर कर रहा है। गांव में पेजयल संकट है। अधूरे निर्माण की शिकायत की गई है। मीडिया प्रभारी भाजपा किसान मोर्चा खडानन कश्यप ने कहा कि विभाग एवं ठेकेदार के लापरवाही के कारण महत्वाकांक्षी योजना पर ग्रहण लग गया है। जल्द ही कार्य पूर्ण करने आधिकारी को पत्र दिया हूं।

### जल्द पूरा होगा काम

सरईपतेरा में टंकी की सीढ़ी को गलत डिजाइन के कारण तोड़वाया गया है। अखरार में ग्राम पंचायत को हेंडओव्हर हो नहीं पाया है। दोनों जगह का अधूरा काम जल्द पूर्ण कराने प्रयास किया जा रहा है।

**कमल कंवर**
कार्यपालन अभिंयता, पीएचई

## खाद की मांग को देखते हुए अतिरिक्त भंडारण की प्रक्रिया जारी



हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली

कलेक्टर कुन्दन कुमार ने जिला कलेक्टोरेट स्थित एनआईसी कक्ष में खाद-बीज को लेकर अधिकारियों की बैठक ली। बैठक में कृषि विभाग, राजस्व विभाग, सहकारिता विभाग तथा बीज निगम के अधिकारियों ने बैठक में शामिल होकर जिले में खाद-बीज की उपलब्धता, भंडारण एवं वितरण की वर्तमान स्थिति की विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की।

बैठक में कलेक्टर ने किसानों को समय पर खाद-बीज उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि जिले के सभी किसानों, विशेषकर लघु एवं सीमांत कृषकों को प्राथमिकता के आधार पर खाद एवं बीज उपलब्ध कराया जाए। कलेक्टर ने कहा कि खरीफ फसल उत्पादन की सफलता काफी हद तक समय पर गुणवत्तापूर्ण कृषि आदानों की उपलब्धता पर निर्भर करती है, इसलिए किसी भी स्थिति में किसानों को परेशानी नहीं होनी चाहिए। बैठक में कृषि विभाग के अधिकारियों ने बताया कि सहकारी क्षेत्र में यूरिया उर्वरक का भंडारण निर्धारित लक्ष्य के विरुद्ध लगभग 52 प्रतिशत तथा डीएपी उर्वरक का भंडारण 31 प्रतिशत तक किया जा चुका है। उन्होंने बताया कि आगामी दिनों में खाद की मांग को देखते हुए अतिरिक्त भंडारण की प्रक्रिया भी निरंतर जारी है। डीएपी उर्वरक की संभावित कमी को ध्यान में रखते हुए उसके विकल्प के रूप में एनपीके उर्वरक का पर्याप्त भंडारण भी कराया गया है, जिससे किसानों को वैकल्पिक उर्वरक आसानी से उपलब्ध कराया जा सके। कलेक्टर ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि जिले के सभी खाद विक्रय केंद्रों का नियमित निरीक्षण किया जाए तथा यह सुनिश्चित किया जाए कि किसानों को निर्धारित शासकीय दर पर ही उर्वरकों का विक्रय हो। किसी भी प्रकार की कालाबाजारी, कृत्रिम अभाव या अनियमितता पाए जाने पर संबंधितों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश भी दिए गए। बैठक में बीज उपलब्धता की स्थिति की भी समीक्षा की गई। कृषि विभाग द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार जिले में बीज भंडारण का कार्य लक्ष्य के विरुद्ध लगभग 90 प्रतिशत पूर्ण कर लिया गया है। वहीं अब तक उपलब्ध बीजों का लगभग 60 प्रतिशत वितरण किसानों को किया जा चुका है। उन्होंने बताया कि खरीफ फसलों की बुआई को देखते हुए शेष बीजों का वितरण भी तेजी से किया जा रहा है ताकि किसानों को समय पर बीज उपलब्ध हो सके। कलेक्टर ने अधिकारियों को एग्री स्टेक पंजीयन अभियान में भी तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अधिक से अधिक किसानों का पंजीयन सुनिश्चित करने के लिए ग्राम स्तर पर मुनादी कराई जाए तथा किसानों को योजना के लाभों की जानकारी दी जाए। इस अवसर पर अपर कलेक्टर निष्ठा पांडेय तिवारी, जीएल यादव, मुंगेली एसडीएम अजय शतरंज, लोरमी एसडीएम अजीत पुजारी सहित संबंधित विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

## अटल आरोग्य लैब में मिल रही 134 प्रकार की जांच की सुविधा

**मुंगेली।** राज्य शासन द्वारा जिला चिकित्सालय में आमजनों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से अटल आरोग्य लैब संचालन किया जा रहा है।




आरोग्य लैब में मरीजों को 134 प्रकार की विभिन्न जांच सुविधाएं पूरी तरह निःशुल्क उपलब्ध कराई जा रही हैं, जिससे जिले के हजारों नागरिकों को समय पर एवं गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य लाभ मिल रहा है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. शीला साहा ने बताया कि अटल आरोग्य लैब में सामान्य एवं नियमित रक्त परीक्षण, शुगर, लिपिड प्रोफाइल, थायरॉइड, एलएफटी, आरएफटी, वायरल मार्कर, सीरम इलेक्ट्रोलाइट, ट्रोपोनिन-टी, हार्मोन एवं विटामिन जांच जैसी अत्याधुनिक सुविधाएं उपलब्ध हैं।

## ऑपरेशन के बाद महिला की मौत, परिजनों ने डॉक्टर पर लापरवाही का लगाया आरोप

**रतनपुर।** नगर स्थित निजी नर्सिंग होम में बच्चेदानी के ऑपरेशन के लिए भर्ती कराई गई एक महिला की मौत के बाद परिजनों ने डॉक्टर पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए थाना रतनपुर में शिकायत दर्ज कराई है। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार ग्राम पोड़ी नवागांव निवासी कुमारी बाई साहू (50 वर्ष) को बच्चेदानी संबंधी समस्या के इलाज के लिए पहले रतनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया था। परिजनों का आरोप है कि वहां पदस्थ चिकित्सक ने जांच के बाद ऑपरेशन की आवश्यकता बताते हुए 6 जून को अपने निजी नर्सिंग होम में बुलाया था। परिजनों के मुताबिक महिला को शनिवार सुबह अस्पताल लाया गया, जहां दोपहर बाद ऑपरेशन की प्रक्रिया शुरू की गई। उनका कहना है कि लगभग एक घंटे बाद चिकित्सक द्वारा महिला का ब्लड प्रेशर कम होने की जानकारी देते हुए उसे तत्काल बिलासपुर सिम्स रेफर करने की बात कही गई। इसके बाद निजी एंबुलेंस से महिला को सिम्स भेजा गया। सिम्स पहुंचने पर चिकित्सकों ने जांच के बाद महिला को मृत घोषित कर दिया। उनका यह भी कहना है कि उन्हें रेफरल से संबंधित कोई दस्तावेज उपलब्ध नहीं कराया गया था। घटना से आक्रोशित परिजन महिला के शव को लेकर वापस रतनपुर पहुंचे और थाना में शिकायत दर्ज कराते हुए डॉक्टर के खिलाफ लापरवाहीपूर्वक उपचार करने का आरोप लगाया।शिकायत में परिजनों ने मातृका नर्सिंग होम में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज जब्त कर मामले की निष्पक्ष जांच कराने तथा संबंधित चिकित्सक के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की मांग की है।




## ग्रामीण विकास की आधुनिक कार्यप्रणालियों की दी जानकारी



**मुंगेली।** ग्रामीण विकास को नई दिशा देने और पंचायती राज संस्थाओं को अधिक सशक्त एवं जवाबदेह बनाने के उद्देश्य से राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान अंतर्गत जिला पंचायत सदस्यों के लिए आयोजित दो दिवसीय विशेष प्रशिक्षण शिविर का सफलतापूर्वक समापन हुआ।

जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रभाकर पाण्डेय के दिशा-निर्देशों एवं उप संचालक पंचायत एल.के. कौशिक के मार्गदर्शन में जिला पंचायत संसाधन केंद्र में आयोजित इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में पंचायत प्रतिनिधियों को साक्ष्य आधारित शासन, पंचायत उन्नति सूचकांक तथा ग्रामीण विकास की आधुनिक कार्यप्रणालियों की विस्तृत जानकारी दी गई।प्रशिक्षण में पंचायत उन्नति सूचकांक के विभिन्न मानकों पर विशेष चर्चा की गई। प्रतिभागियों को बताया गया कि इस सूचकांक के माध्यम से पंचायतों के विकास कार्यों, सेवाओं की गुणवत्ता और जनहितकारी योजनाओं के प्रभाव का वैज्ञानिक मूल्यांकन किया जा सकता है। इससे पंचायतों के बीच स्वस्थ प्रतिस्पर्धा को भी बढ़ावा मिलेगा और विकास कार्यों में पारदर्शिता आएगी। कार्यक्रम में साक्ष्य आधारित शासन प्रणाली की महत्ता पर भी विस्तार से प्रकाश डाला गया। विशेषज्ञों ने बताया कि विकास योजनाओं को आंकड़ों, वास्तविक जरूरतों और जमीनी साक्ष्यों के आधार पर तैयार करने से योजनाओं का लाभ अधिक प्रभावी ढंग से अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाया जा सकता है। इससे संसाधनों का बेहतर उपयोग और ग्रामीण क्षेत्रों का समग्र विकास सुनिश्चित होगा। प्रशिक्षण के दौरान जिला पंचायत सदस्यों को वित्तीय प्रबंधन, स्थानीय स्वशासन, जनभागीदारी, पंचायत प्रशासन की दक्षता तथा विकास योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर भी प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

समापन सत्र में उप संचालक पंचायत श्री कौशिक ने सभी जनप्रतिनिधियों से आह्वान किया कि वे प्रशिक्षण में प्राप्त ज्ञान और अनुभव को अपने-अपने क्षेत्रों में लागू करें तथा पंचायतों को विकास, पारदर्शिता और सुशासन का मॉडल बनाने में सक्रिय भूमिका निभाएं। उन्होंने कहा कि सशक्त पंचायतें ही आत्मनिर्भर और विकसित ग्रामीण भारत की आधारशिला हैं। प्रशिक्षण में जिला पंचायत के सदस्यगण, विभागीय अधिकारी, संसाधन केंद्र के प्रशिक्षक एवं कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## नपा की सभापति के खिलाफ मछुआरा समिति ने थाने में की शिकायत



**रतनपुर।** नगर पालिका परिषद की सभापति एवं एक युवक के खिलाफ महामाया मछुआ सहकारी समिति ने थाने में शिकायत दर्ज कराते हुए लीज पर लिए गए तालाब से मछली चोरी करने का आरोप लगाया है। समिति ने मामले की निष्पक्ष जांच कर कानूनी कार्रवाई की मांग की है। समिति अध्यक्ष रामगोपाल कहरा द्वारा दिए गए शिकायत आवेदन के अनुसार गांधीनगर वार्ड क्रमांक 2 स्थित कृष्णार्जुनी तालाब को नगर पालिका परिषद से मत्स्य पालन के लिए 1 जुलाई 2016 से 30 जून 2026 तक की अवधि के लिए लीज पर लिया गया है। समिति का कहना है कि लीज अवधि अभी समाप्त नहीं हुई है और तालाब पर मत्स्य पालन का वैध अधिकार समिति के पास है। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि 3 जून को नगर पालिका की सभापति इंदु यादव एवं दीपक विजय द्वारा बिना अनुमति तालाब में जाल डालकर मछलियां निकाली गईं। समिति का दावा है कि इस घटना से उसे लगभग 50 से 60 हजार रुपये की आर्थिक क्षति हुई है। सभापति इंदु यादव का कहना है कि तालाब में जाल सफाई कार्य के उद्देश्य से डलवाया गया था, न कि मछली पकड़ने के लिए। हालांकि समिति इस तर्क से सहमत नहीं है और पूरे मामले की जांच की मांग कर रही है। मामला अब थाना रतनपुर पहुंच गया है। पुलिस द्वारा शिकायत के आधार पर जांच की जा रही है। जांच के बाद ही यह स्पष्ट हो सकेगा कि तालाब में जाल डालने का उद्देश्य क्या था और शिकायत में लगाए गए आरोप कितने सही हैं।

## जिले के 920 बूथ में 1 लाख से अधिक बच्चों को पिलाई जाएगी पोलियो ड्राप

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली



जिले में बच्चों और गर्भवती महिलाओं को संक्रामक बीमारियों से सुरक्षित रखने तथा जनस्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक सुदृढ़ बनाने की दिशा में स्वास्थ्य विभाग द्वारा महत्वपूर्ण पहल की जा रही है।

कलेक्टर कुन्दन कुमार के निर्देशन एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. शीला साहा के मार्गदर्शन में जिला स्तरीय व्ही.पी.डी. (वैक्सीन प्रिवेंटेबल डिजीज) सर्विलेंस एवं नियमित टीकाकरण सुदृढ़ीकरण उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के सभाकक्ष में आयोजित इस कार्यशाला का उद्देश्य वैक्सीन से रोकी जा सकने वाली बीमारियों की निगरानी प्रणाली को मजबूत बनाना तथा नियमित टीकाकरण सेवाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना था। कार्यशाला में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों, खंड चिकित्सा अधिकारियों, स्वास्थ्य पर्यवेक्षकों, ब्लॉक कार्यक्रम प्रबंधकों एवं मैदानी स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।

> ■ सीएमएचओ ने ली चिकित्साकर्मियों की बैठक

जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. कमलेश कुमार ने बताया कि जिले में 28 जून को पल्स पोलियो अभियान का आयोजन किया जाएगा। अभियान के तहत शून्य से पांच वर्ष तक के 1 लाख 19 हजार 500 से अधिक बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसके लिए जिलेभर में 920 पोलियो बूथ स्थापित किए जाएंगे। वहीं 29 एवं 30 जून को स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं द्वारा घर-घर पहुंचकर छूटे हुए बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई जाएगी।

कार्यशाला में विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) बिलासपुर इकाई के डॉ. विनय कौशिक ने व्ही.पी.डी. सर्विलेंस की अवधारणा, रोगों की समयबद्ध पहचान, रिपोर्टिंग, संदिग्ध मामलों की जांच, नमूना संग्रहण, डेटा प्रबंधन तथा नियमित टीकाकरण कार्यक्रम के प्रभावी क्रियान्वयन पर विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने टीकाकरण से वंचित बच्चों की पहचान, ड्रॉपआउट दर कम करने और समुदाय स्तर पर जनजागरूकता बढ़ाने की रणनीतियों पर भी प्रकाश डाला।

## संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा आज से 15 तक

**मुंगेली।** लोरमी बाईपास रोड स्थित मंगल भवन में 7 से 15 जून तक संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा, रुद्र यज्ञ एवं असंख्य पार्थिव शिवलिंग निर्माण का आयोजन किया जाएगा। वहीं 11 से 13 जून तक तीन दिवसीय दिव्य महादरबार का भी आयोजन रखा गया है। कथा का वाचन राष्ट्रीय कथाव्यास पंडित विरेंद्र कृष्ण शास्त्री करेंगे। नगर पालिका अध्यक्ष रोहित शुक्ला की माता निर्मला शुक्ला की पुण्य स्मृति में यह आयोजन किया जा रहा है। कथा महोत्सव के मध्य 11 जून से 13 जून तक आयोजित होने वाला दिव्य महादरबार श्रद्धालुओं के लिए विशेष आकर्षण रहेगा। इस दौरान ब्रज बिहारी सरकार के आध्यात्मिक प्रवचन, संतों का सान्निध्य तथा भक्ति-रस से ओतप्रोत कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।




### कुपोषित बच्चों को मिल रहा नया जीवन

# रतनपुर के एनआरसी में 300 से अधिक बच्चे हुए स्वस्थ

हरिभूमि न्यूज ⏭ रतनपुर

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रतनपुर में संचालित 9 बिस्तरीय पोषण पुनर्वास केंद्र (एनआरसी) कुपोषित एवं अति कुपोषित बच्चों के लिए वरदान साबित हो रहा है। यहां आधुनिक चिकित्सा सुविधाओं, प्रशिक्षित चिकित्सकों एवं स्वास्थ्य कर्मियों की देखरेख में बच्चों को विशेष पोषण आहार, आवश्यक दवाइयां और सतत निगरानी के साथ उपचार उपलब्ध कराया जा रहा है। केंद्र के शुभारंभ से अब तक 300 से अधिक बच्चे स्वस्थ होकर अपने घर लौट चुके हैं, जबकि पिछले छह माह में ही 70 बच्चों का सफल उपचार किया गया है। एनआरसी में भर्ती बच्चों के साथ उनकी माताओं को भी रहने एवं भोजन की निःशुल्क सुविधा प्रदान की जाती है। साथ ही राज्य सरकार द्वारा माताओं को प्रत्येक दिवस 150 रुपये की प्रोत्साहन राशि भी दी जाती है, जिससे उपचार अवधि के दौरान उन्हें किसी प्रकार की आर्थिक परेशानी का सामना न करना पड़े।



**तत्काल उपचार कराएं:** खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. निखिलेश गुप्ता ने बताया कि मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के मार्गदर्शन में एनआरसी का सफल संचालन किया जा रहा है। उन्होंने अभिभावकों से अपील की कि यदि किसी बच्चे के विकास में कमी या कुपोषण के लक्षण दिखाई दें तो उसे तत्काल एनआरसी में लाकर उपचार कराएं, ताकि समय रहते बच्चे को स्वस्थ जीवन मिल सके।

### गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी बिलासपुर डॉ. शुभा गरेवाल ने बताया कि रतनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का एनआरसी ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले कुपोषित बच्चों को आवश्यक पोषण आहार एवं दवाइयां उपलब्ध कराकर उनकी स्थिति में निरंतर सुधार ला रहा है। उन्होंने कहा कि विभाग का प्रयास है कि ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उनके नजदीक ही उपलब्ध हों, ताकि उन्हें उपचार के लिए दूर-दराज न जाना पड़े।

## सत्य निज नाम बोध परिवार ने निकाली नशामुक्ति रैली



**मल्हार।** सत्य निज नाम बोध परिवार द्वारा शनिवार को नशा-मुक्ति जनजागरण रैली निकाली गई। रैली में सैकड़ों अनुयायी शामिल हुए। विगत 19 वर्षों से समाज सुधार की इस अलख को अनवरत जगाए रखने में संस्था के सदस्यों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। माता डिडनेश्वरी मंदिर के पास स्थित सत्य निज नाम सत्संग भवन से बस स्टैंड तक नशा-मुक्ति रैली निकाली गई। नगर पंचायत मल्हार की अध्यक्ष धनेश्वरी धनेश्वर कैवर्त भी संस्था की सक्रिय सदस्य के रूप में पूरे कार्यक्रम में शामिल रहीं। जिससे पूरे नगरवासियों में एक बेहद सकारात्मक संदेश गया। रैली के सत्संग भवन पहुंचने के पश्चात समापन समारोह का आयोजन किया गया।